सबको एक नहीं माना जा सकता; क्योंकि सबकी अपनी-अपनी अलग विशेषताएँ है। अतएब बिहार प्रान्त के सहरसा जिले के वर्त्तमान महिषी (प्राचीन नाम-माहिष्मती) ग्राम को (जहाँ पूज्यपाद मण्डन मिश्र का निवास था) तथा प्रदेश के इन्दौर राज्य में 'मान्धाता', 'मण्डला' या माहेश्वर (महेश्वर) को एक नहीं माना जा सकता एवं मिथिला विभूति मण्डन मिश्र को 'मान्धाता', 'मण्डला' या 'माहेश्वर' का निवासी भी नहीं माना जा सकता। इसमें कारण यह है कि युक्ति एवं प्रमाण के आधार पर ही कोई मत समुचित, प्रामाणिक एवं मान्य होता है। मध्य प्रदेश के 'माहेश्वर' (महेश्वर), 'मान्धाता' या 'मण्डला' को मण्डन मिश्र के निवास ग्राम मान ने के पक्ष में न कोई प्रबल प्रमाण है और न युक्ति। विचार कर लें—

1. आद्य शङ्कराचार्य के जीवन चरित पर विरचित 'शङ्कर चरित', 'शङ्कर विजय-विलासँ, 'गुरुवंश काव्य' इत्यादि किसी भी प्राचीन ग्रन्थ में, 'महेश्वर', 'मान्धाता' या मण्डला को मण्डन मिश्र का जन्मस्थान नहीं बतलाया गया है। सबसे प्रसिद्ध एवं प्रचलित माधवाचार्य के 'श्री शङ्कर दिग्विजय' ग्रन्थ में भी केवल 'माहिष्मती' की मण्डन मिश्र से सुशोभित बतलाया गया है'— माहिष्मती मण्डनमण्डितां सः। (शङ्कर दि. 8/1)। इस श्लोक की हिन्दी टीका में प्रसिद्ध आचार्य बलदेव उपाध्याय ने 'महेश्वर' या 'मण्डला' की चर्चा भी नहीं की है। अतः इस कल्पना का कोई प्रामाणिक आधार नहीं है।

2. भाषा वैज्ञानिक आधार— 'महेश्वर,' 'मण्डला' या 'मान्धाता' शब्द पर यदि भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से विचार करते हैं, तो प्रतीत होता है कि 'महेश्वर', 'मान्धाता' या मण्डला' शब्द माहिष्मती का तद्भव रूप नहीं हैं। (माहिष्मती का तद्भव रूप 'महिषी' ही है। जिस गाँव में (बिहार प्रान्त)

मण्डन मिश्र का निवास प्रसिद्ध है।) इसमें कारण यह है कि भाषा विज्ञान के सिद्धान्त के अनुसार तद्भव शब्द में मूल तत्साम शब्द की ध्वनियाँ अधिक मात्रा में उच्चरित होती हैं, जिनसे तत्सम एवं तद्भव शब्दों में समानता स्पष्टतया परिलक्षित होती है, जैसे– कर्म से काम, कार्य से काज, भक्त से मान, दाली से दाल, रात्रि से रात, धान्य से धान, दधि से दही, दुखम् मे दूध, मनः से मन, दन्त से दांत, ग्राम से गाँव, पानी आदि।

दो अक्षर– 'ह' तथा 'म' के भिन्न जाने के कारण 'माहिष्मती' से वर्त्तमान 'माहेश्वर' या 'महेश्वर' का तथा एक अक्षर 'म' के मिल जाने से 'मण्डला' या 'मान्धाता' का उद्भव मानना अत्यन्त उपहासास्पद तथा अनभिज्ञता का सूचक होगा; क्योंकि ऐसा मानने पर (एक या दो अक्षर के साम्य के आधार पर) नर से वानर का, मूर्खराज से अनेक अनभिप्रेत शब्दों से अनभीष्ट शब्दों का) उद्भव स्वीकार करने में भी कोई बाधा नहीं होगी। ऐसी स्थिति में बड़ी अव्यवस्था एवं अनियमितता उपस्थित हो जाए गी।

अतएब तद्भव शब्दों में तत्सम शब्दों की ध्वानियों के अधिकांश में साम्य आवश्यक रूप से मानना ही होगा। इस प्रकार 'माहिष्मती' का तद्भव रूप 'महिषी' ही सिद्ध हो सकता है 'माहेश्वर', 'मण्डला' आदि नहीं।

'मण्डन मिश्र का निवास मध्यप्रदेश की प्राचीन नगरी में था'– इस मत के विरोध में निम्नलिखित युक्तियाँ भी हैं।

3. यदि मण्डन मिश्र का निवास, मध्यप्रदेश में नर्मदा तट पर प्राचीन काल में अवस्थित 'माहिष्मती' नगरी (वर्त्तमान नाम- मान्धाता, माहेश्वर या मण्डल) में मान लिया जाए, तो यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि प्रयाग में कुमारिल भट्ट से भेंट करने के बाद उनेक आदेशानुसार शङ्कराचार्य मण्डन के पास मध्यप्रदेश वापस लौट गये। ऐसी स्थिति में दो तथ्य बिलकुल असंगत हो जाते हैं–

(क) आसेतु– हिमालय शिष्य– मण्डल समेत दिग्विजय के लिए प्रस्थित शङ्कर प्रयाग से ही मध्यप्रदेश की लौट गये– वह बात सिद्ध हो जाती है, जो सर्वथा असंगत है। क्योंकि समस्त भारत की विजय-यात्रा के इच्छुक कोई अति प्रभावशाली आचार्य भला आघे रास्ते से ही कैसे लौट पड़ेगा?

(ख) दूसरी असंगत होने वाली बात यह है कि शङ्कर दिग्विजय क

अने अनुसार शङ्कर ने भारत के सभी प्रमुख विरोधी विद्वानों को पराजित करने के क्रम में मिथिला के मुरारि, उदयन आदि प्रसिद्ध आचार्यो को भी जीत लिया (शङ्कर दि 15/162)। किन्तु जब शङ्कर प्रयाग से ही मध्यप्रदेश को लौट गये मिथिला गये भी नहीं, तब मिथिला निवासी इन उद्भट विद्वानों को परास्त करने की बात कैसे संगत हो सकती है? यहाँ एक कठिन समस्या उपस्थित हो जाती है। इस समस्या का समाधान तभी हो सकता है, जब मिथिला में सहरसा जिले के 'महिषी' (प्राचीन नाम- माहिष्मती) ग्राम में ही मण्डन मिश्र का निवास स्थान माना जाय तथा वहाँ आद्यशङ्कराचार्य का गमन स्वीकृत किया जाय, तभी मिथिला के विद्वानों को पराजित करने की बात संगत हो सकती है।

इस विवेचन मे मिथिला में सहरसा जिले के 'महिषी' (माहिष्मती) ग्राम में ही मण्डन मिश्र का निवास स्थान मानना तर्कसंगत सिद्ध होता है, मध्यप्रदेश में नहीं।

4. यदि मण्डन मिश्र का निवास मध्यप्रदेश की 'माहिष्मती' नगरी में माना जाए, तो जगद् विख्यात दार्शनि पूज्य वाचस्पति मिश्र के द्वारा अपनी 'भामती' टीका। में 'पाटलिपुत्र' के साथ (समीपवर्ती होने के कारण) 'माहिष्मती' का किया गया उल्लेख* कैसे संगत होगा? क्योंकि बिहार के 'पाटलिपुत्र' के साथ (बीच में पड़ने वाले प्रसिद्ध काशी, प्रयाग, अयोध्या, मथुरा वृन्दावन इत्यादि धार्मिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थानों को छोड़कर) अतिदूरवर्ती तथा अपरिचित 'माहिष्मती' का उललेख करना मनोवैज्ञानिक दृष्टि से असंगत हो जाएगा।

.....

* शङ्करभाष्य 1/1/1 की 'भामती' टीका में वाचस्पति मिश्र लिखते है(पृष्ठ-18) 'अस्ति च पाटलिपुत्रे पूर्वदृष्टस्य देवदतस्स परत्र, माहिष्मत्याभवीासः समीचीनः।

यहाँ पूज्य वाचस्पति मिश्र ने 'पाटलिपुत्र' के साथ 'माहिष्मती' का उल्लेख समीप। होने एवं परिचित होने के कारण किया है।

इस तर्क की चर्चा, इस प्रसंग में, पहले भी की जा चुकी है। अतः वाचस्पति के इस उल्लेख से सिद्ध होता है कि 'पाटलिपुत्र' एवं 'माहिष्मती'– दोनों स्थान समीपवर्ती हैं एवं पूज्य वाचस्पति मिश्र के द्वारा पूर्वदृष्ट तथा सुपरिचित हैं। बिहार प्रान्त में अभी भी ये दोनों स्थान समीप में ही

अवस्थित है।

5. यदि मध्यप्रदेश की प्राचीन 'माहिष्मती' में मण्डन मिश्र का निवास माना जाए, तो शङ्कर-मण्डन-शास्त्रार्थ, भारती(मण्डन मिश्र-पत्नी) से शङ्कर की पराजय तथा उनके(भारती के) काम-प्रश्न के उत्तर के लिए मृत अमरुक राजा के शररी में प्रविष्ट होकर शङ्कर का उसकी शताधिक सुन्दरियों के साथ सहवास इत्यादि 'शङ्कर दिग्विजय' में वर्णित घटनाएँ वहीं (मध्यप्रदेश में ही) घटित हुई— यह मानना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में एक कठिन प्रश्न उपस्थित होता है। वह यह है—

ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार राजा अमरूक गौड़, जनपद के शासक थे। मध्य काल में वर्त्तमान पश्चिम बंगाल का कुछ अंश 'गौड़ जनपद' कहा जाता था। यदि मण्डन मिश्र नर्मदा नदी के तटवर्ती(मध्यप्रदेशीय) किसी 'माहिष्मती' के निवासी होने तथा वहीं मण्डन-शङ्कर-शास्त्रार्थ एवं भारती-शङ्कर-शास्त्रार्थ हुआ होता , तो भारती से पराजित शङ्कर का उनके (भारती के) द्वारा (काम- प्रश्न के उत्तर के लिए) स्वीकृत एक मास के भीतर ही नर्मदा तट की 'माहिष्मती' सं गौड़ जनपद पैदल पहुँचना (क्योंकि उस समय रेल, मीटर, वायुयान आदि किसी भी प्रकार का शीघ्रगामी साधन उपलब्ध नहीं था) तथा अमरूक की देह मं योगबल से प्रविष्ट होकर उसकी सुन्दरियों के साथ कामशास्त्रीय व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करना एवं पुनः 'माहिष्मती' में लौट कर उनको (भारती को) का प्रश्न सम्बन्धी उत्तर देना— कथमपि साध्य तथा ग्राम से गौड़ प्रदेश अपेक्षाकृत समीप है, वहाँ कुछ दिनों में ही आसानी से पहुँचा जा सकता है तथा एक मास के भीतर ही इस 'माहिष्मती' में कोई लौट सकता है।

अतः (यदि मण्डन-शङ्कर एव भारती-शङ्कर के शास्त्रार्थ की सक्ष्य माना जाए, तो) शङ्कराचार्य इसी 'माहिष्मती' ग्राम से गौड़ जनपद गये और एक मास के भीतर वहाँ लौट कर यहाँ उत्तर देने के लिए पहुँचे— यही तर्क की कसौटी पर संगत प्रतीत होता है।

6. आदिशङ्कराचार्य के जीवन चरित पर विरचित ग्रन्थों में माधवार्चा रचित श्री शङ्कर दिग्विजय सर्वाधिक प्रसिद्ध एवं प्रचलित है। इस ग्रन्थ की अनेक पाण्डुलिपिया हैं जिनमें पाठभेद बहुत है। एक पाण्डुलिपि में स्पष्ट रूप में कहा गया है कि कुमारिल भट्ट से भेंट करने के बाद आदिशङ्कराचार्य प्रयाग

से पूरब की और, मण्डन मिश्र को जीतने के लिए उनसे सुशोभित 'माहिष्मती' गये–

'ततः प्रतस्थे भगवान् प्रयागात् पूर्वा दिश मण्डनमाशु जेतुम्।
गच्छन् श्वसृप्या पुरमालुलोके माहिष्मतीं मण्डनमण्डितां सः।।'
(शङ्कर दि. 8/1)

.....

* भारती-मण्डन-स्मृति महासमारोह, महिषी, स्मारिका 25-3-1970, हिन्दी भाग पृष्ठ-6

प्रयाग से पूरब मिथिला ही सांस्कृतिक केन्द्र है, जहाँ माहिष्मती' (महिषी) अभी भी विद्यमान है*।

7. सहरसा जिले के (बिहार प्रान्त) 'महिषी' ग्राम के एक वयोवृद्ध विद्वान से प्राप्त निम्नलिखित श्लोक में भी स्पष्टतया बतलाया गया है कि धर्ममूला (धेमुड़ा) नदी के पश्चिम तट पर विद्यमान 'माहिष्मती' (महिषी) ग्राम में (अहाँ त्रिभुवन सारा भगवती तारा विराजमान है) पूज्य मण्डन मिश्र का निवास था–

'यस्या पुरो राजति धर्ममूला, यत्रास्ति तारा भुवनस्य सारा।
प्रक्षालितौ तच्चरणी च यत्र, माहिष्मती मण्डन-मण्डिता सा।।

इस विवेचन से सिद्ध होता है कि माधवाचार्य के 'माहिष्मतीं मण्डन माण्डिता सः' (शङ्कर दिग्विजय 8'1) में उक्त 'माहिष्मती' बिहार के सहरसा जिले का 'महिषी' ग्राम ही है, जहाँ मण्डन मिश्र का निवास था तथा जहाँ कुमारिल भट्ट के कहने पर आद्य शङ्कराचार्य पूज्य मण्डन मिश्र से अपने भाष्य से अपने भाष्य पर वार्तिक लिखवाने गये थे।

मण्डन मिश्र के सम्बन्ध में फैली भ्रान्ति तथा उसका निराकरण

मण्डन मिश्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने का एक मात्र साधन है आद्य शङ्कराचार्य के जीवन चरित सम्बन्धी ग्रन्थ। क्योंकि प्राचीन विद्वान अपने ग्रन्थ में अपना परिचय देने में आत्मश्लाघा मानते थे। अतएव कालिदास, मण्डन, विद्यापति आदि मिथिला विभूतियों के जीवनवृत्त के सम्बन्ध में अनेक मत उपस्थित हो जाते हैं। जैसे मैथिली साहित्य के महाकवि विद्यापति को बहुत दिनों तक बंगाली विद्वान बंगाल में उत्पन्न

मानते थे, वैसे ही कालिदास के विषय में अनेक मत-मतान्तर उपस्थिति किए जाते है। इनके भी विषय में गवेषनात्मक विवेचना आवश्यक है। इसी प्रकार पूज्यपाद मण्डन मिश्र के सम्बन्ध में भी, आनन्द गिरिकृत 'शङ्कर विजय', चिद्विलासयति विरचित 'शङ्कर विजय विलासँ, शृंगेरी मठानुसार निर्मित गुरुवशकाव्य, तथा माधवाचार्य एवं सत्यानन्द सरस्वती रचित श्री शङ्कर दिग्विजय इत्यादि शङ्कर चरितात्मक ग्रन्थों में ऐसा विकृत कर दिया गया है, जिससे उनके विषय में एक भंयकर भ्रान्त धारणा फैल गई कि मण्डन मिश्र तथा आदि शङ्कराचार्य में घोर शास्त्रार्थ हुआ जिनमें पराजित होकर मिश्र महोदय ने (शास्त्रार्थ में की गई प्रतिज्ञा के अनुसार) संन्यास ग्रहण किया तया वे सुरेश्वराचार्य के नाम से प्रसिद्ध होकर दक्षिण भारत के शृंगेरी मठ के प्रथम अध्यक्ष हुए।

.....

* भारती-मण्डन-स्मृति-महासमारोह, महिषी-स्मारिका।

माधवाचार्य का 'शङ्कर दिग्विजय' में यह प्रतिपादन ग्रन्थ; शङ्कराचार्य का 'ब्रह्मसूत्र-शांकरभाष्य', सुरेश्वराचार्य के 'नहिष्कर्म्यसिद्धि' 'तैत्तिरीयभाष्यवार्तिक तथा 'वृहदारण्यक भाष्य वार्तिक', वाचस्पति मिश्र की 'भामती' (शांकरभाष्य की टीका)– ये ग्रन्थ वेदान्त साहित्य में प्रसिद्ध है। इन ग्रन्थों के अनुशीलन से ज्ञात है ता है शङ्कर और मण्डन समकोटि के ही अद्वैतवेदान्ताचार्य थे, परन्तु इन दोनों में सर्वत्र मतैवय नहीं था। मण्डन मिश्र और शङ्कराचार्य में न तो शास्त्रार्थ हुआ न पराजित होकर मण्डन संन्यास ग्रहण कर सुरेश्वराचार्य हो हुए। यह तथ्य मण्डन-मत से सर्वथा विरूद्ध शङ्कर एवं सुरेश्वर के मत उपलब्ध होने से सिद्ध हो जाता है। नीचे मण्डन-मत एवं शङ्कर-सुरेश्वर मत में विरोध का दिग्दर्शन कराया जाता है।

1. मण्डन मिश्र का ग्रन्थ 'ब्रह्मसिद्धि' प्रसिद्ध है। इसमे मिश्र महोदय अविद्या के 'अग्रहण' तथा 'विपर्ययग्रहण' ये दो भेद स्वीकार करते है। (ब्रह्मसिद्धि पृष्ठ-149) परन्तु सुरेश्वराचार्य 'वृहदारण्यक भाष्यवार्तिक (भाग-2, कारिका-199) में इसका प्रचुर खण्डन करते हैं।

2. 'विद्या' चाविद्या च यस्तद वेदोभवं सह' इस ईशावास्योनिषत् कारिका की मण्डन मिश्रकृत व्याख्या से शङ्कर एवं सुरेश्वरकृत व्याख्यान सर्वथा भिन्न है।

3. मण्डन मिश्र ने आचार्य कुमारिल भट्ट की 'अन्यथा ख्याति' का अपने ग्रन्थों ('ब्रह्मासिद्धि' पृष्ठ-136-150, 'विभ्रमविवेक' 46, 57,62 कारिक) सादर वर्णन किया है, परन्तु सुरेश्वर ने इसका प्रचुर खण्डन अपने वृहदारण्यक भाष्यवार्तिक (भाग-2, 285-288 कारिक) में किया हैं।

4. सुरेश्वर ने अपने 'वृहदारण्यक भाष्यवार्तिक' में मण्डन के मत का 'पण्डितम्मन्य' शब्द से खण्डन किया है–

'अन्ये तु पण्डिम्मन्याः संप्रदायानुसारतः।

विज्ञायेति वचः श्रौतमिंद व्याचक्षतेऽन्यथा।।' 796 (वृहदारण्यक)

'पण्डितम्मन्य' शब्द का यहाँ अभिप्रेत अर्थ है 'मूर्ख'। केवल विरोधी के लिए शब्द से मण्डन का खण्डन किया है, तो दोनों में अभेद की कल्पना कैसे की जा सकती हूँ?

5. शङ्कर अविद्या को परमेश्वराश्रित(ईश्वर में रहनेवाली) मानते है। उनके मन से उसी के द्वारा ईश्वर जगत की रचना करते है–

.....

* वाचस्पति मिश्र ने भी 'भामती' टीका के मंगल श्लोक– 'अनिर्वाच्याऽविद्याद्वितय सचिवस्य प्रभवतः...' में दो प्रकार की अविद्या को स्वीकार किया है।

'अविद्यात्मिका हि बीच शक्ति...परमेश्वराश्रया।...'

(ब्रह्मसूत्र शांकर भा- 1/4/3)

परन्तु मण्डन अविद्या को जीवाश्रित मानते हैं। वे लिखते हैं–

'यत्त् कस्याविद्येति, जीवानामिति ब्रू भः।' (ब्रह्मासिद्धि, पृष्ठ-10)

'नाविद्या ब्रह्मणः स्वभावः।' (ब्रह्मासिद्धि, पुत्र-9)

प्रसिद्ध दार्शनिक वाचस्पति मिश्र भी उपनी भामती टीका में अविद्या को जीवाश्रित ही मानते हैं (ब्रह्मसूत्र 1/4/3 की भामती)।

इस प्रकार प्रदर्शित प्रमाणों से मण्डन एवं सुरेश्वर की एकता स्पष्टतया खण्डित हो जाने से शङ्कर एवं मण्डन में शास्त्रार्थ की कल्पना निरस्त हो जाती है; क्योंकि (माधवाचार्यकृत) शङ्कर दिग्विजय के अनुसार शङ्कराचार्य के साथ शास्त्रार्थ मे परजित होकर मण्डन मिश्र ही संन्यास-ग्रहण के बाद सुरेश्वराचार्य के नाम से प्रसिद्ध हुए। अतएव मण्डन एवं सुरेश्वर में एकता के खण्डित हो जाने से शङ्कर तथा मण्डन में शास्त्रार्थ-कल्पना भी,

युक्ति से खण्डित हो जाती हैं।

6. 'सुरेश्वराचार्य का गृहाश्रम-नाम 'विश्वरूप' था तथा विश्वरूप मण्डन से भिन्न है'— इस तथ्य का प्रतिपादन म.म. योगेन्द्र नाथ तर्कतीर्थ ने अपने 'उद्‌बोधन' नाम की पत्रिका (बगला भाषा में लिखित) मे 'अद्वैतवादेर व्याप्ति' नाम के निबन्ध में किया है*।

शृंगेरी मठ के पुस्तकालय से प्राप्त गुरुवंश काव्य (2/59) में भी स्पष्ट लिखा है कि विश्वरूप का ही नाम(संन्यास के बाद) सुरेश्वर हुआ*।

'पुरुषार्थ प्रबोध' ग्रन्थ में ब्रह्मानन्द भारती महोदय भी इस तथ्य को पुष्ट करते है*।

इस प्रकार सुरेश्वराचार्य पूर्वाश्रम का नाम 'विश्वरूप' सिद्ध होता है, मण्डन नहीं। अतएव—

'सुरेश्वराचार्य पूर्वाश्रम में मण्डन मिश्र थे, शङ्कराचार्य से शास्त्रार्थ में पराजित होकर उन्होंने संन्यास की दीक्षा ली।'

.....

* 'मिश्रवाणी' (मैथिली पत्रिका, भाग-2, पृष्ट-23

* माधवाचार्यकृ 'शङ्कर दिग्विजय' (बलदेव उपाध्यायकृत हिन्दी टीका सहित) का परिशिष्ट, पृष्ठ-587

'श्री मज्जगद्‌गुरु-शङ्कर-मठ विमर्श' नाम से प्रसिद्ध हुए)— दोनों पृथक-पृथक व्यक्ति थे।'

'सुरेश्वराचार्य के नाम से प्रसिद्ध हुए)— दोनों पृथक-पृथक व्यक्ति थे।'

(देखें, 'मीमांसाक मण्डन मिश्रक मैथिलत्व'- निबन्ध-भारती-मण्डन-स्मृति समारोह, महिषी, पत्रिका, मैथिली भाग,(25-3-1970 ई), पृष्ठ-14)

'मित्रवाणी (मैथिली पत्रिका), भाग-2, पृष्ठ-23

(आ) युक्ति विरोध

(1) यदि मण्डन एवं शङ्कर में शास्त्रार्थ हुआ और उसमें पराजित होकर मण्डन ने संन्यास-ग्रहण कर लिया— यह मानें, तो मिथिला में भी उसी शास्त्रार्थ-दिन से शङ्कर का ही मत मान्य होता, न कि पराजित मण्डन मिश्र का; तब इनके(मण्डन के) समीप परवर्ती दिगन्तविख्यात विद्वान् दार्शनिक

वाचस्पति ने शांकरभाष्य की ही व्याख्या भामती में, शङ्कर से मतभेद होने पर मण्डन मत का समर्थन कैसे किया? यह समर्थन असंगत हो जाएगा। यथा–

'यत्तु कस्याविद्योति, जीवनामिति ब्रूमः।... उक्तमेतद् जीवानामाविद्या–
कलुषितत्त्वम् न ब्रह्मणः, तद्धि सदा विशुद्धनिस्यप्रकाशम्।'
(ब्रह्मासिद्धि, ब्रह्मकांड, पृष्ठ-10,12)

'नाविद्या ब्रह्मणः स्वभावः' (ब्रह्मासिद्धि, ब्रह्मकांड, पृष्ठ-9)*

आदरणीय वाचस्पति मिश्र उपर्युक्त शांकरभाष्य की व्याख्या भामती में मण्डन-मत का ही समर्थन करते हैं–

तस्माद् जीवाधिकरणाप्यविद्या निमित्ततया विषयतया चेश्वरमाश्रयत–
इतीश्वराश्रयेत्युच्यते, न त्वाधारत...या, विद्यास्वभावे ब्रह्माणि तकनुपपत्तेः।'
(ब्रह्मसूत्र 1/4/3 शङ्कर भाष्य की भामती)*

यहाँ भामतीकार प्रसिद्ध दार्शनिक वाचस्पति मिर मण्डन मिश्र के मत का समर्थन करते हुए कैसी व्याख्यान चातुरी से मण्डन के मतानुसार शङ्कर मत को व्याख्या प्रस्तुत करते है– मण्डन के विचार में शङ्कर के मत का इस

.....

* 'अद्वैततत्त्वसुधा' ग्रन्थ (172) में उसके लेखक श्री अनन्तकृष्ण शासत्री ने भी अविद्या को जीवाश्रित ही बतलाया है। वे लिखते हैं–
'अविद्योर्य जीवाश्रया, न चान्योन्याश्रयः, अनादित्वादविद्याजीवतत्सम्बन्धानाम्।'

* वाचस्पति मिश्र ने यहाँ अविद्या और जीवात्म विभाग में उपस्थित अन्योन्याश्रय श्रेत्र का परिहार, अविद्या, जीव और उसके सम्बन्ध की, बीज एव अंकुर(वृक्ष) की भाँति अनादि मानकर इस प्रकार किया है–

'न च अविद्यायां सत्यां जीवात्मविभागः, सति च जीवात्मविभागे तदाश्रयाऽ द्येवित्य-न्योन्याश्रयमिति– वाच्यम्; अनादित्वेन जीवाविद्ययोर्वीजाङ्कुरवदनवक्लृप्रेरयोगात्।'
(भामती, वेदान्तकलपतरू आदिटीका सहित, पृष्ठ-235)।

प्रकार विलयन अलौकिक प्रतिभाशाली वाचस्पति मिश्र जैसे विशिष्ठ दार्शनिक से ही संभव है, अन्य से नहीं।

इस से सिद्ध है कि वाचस्पति मिश्र के समय(नवीं शाताब्दी) तक

मिथिला मे मण्डन मिश्र का ही मत मान्य एवं प्रचलित था। शङ्कराचार्य तथा उनके पट्ट शिष्य सुरेश्वर, पद्मपाद आदि आचार्यो के मतों एवं ग्रन्थों का प्रभाव मिथिला में बिलकुल नहीं था। अतएब पूज्य वाचस्पति मिश्र ने अपनी भ्रामती टीका में शङ्कर की पंक्ति का मण्डन-मत के अनुकूल व्याख्यान किया। अतः वाचस्पति के पूर्व ही (सप्तम शताब्दी में) मण्डन की शङ्करकृत तथा विवेकी विद्वान स्वयमेव निष्पक्ष रूप से विचार करें।

(2) जब प्रयाग में शङ्कराचार्य ने कुमारिल भट्ट से अपने भाष्य पर वार्तिक लिख देने की प्रार्थना स्पष्ट रूप से की तथा स्वयं असमर्थ होने से भट्ट महोदय ने अपने प्रिय शिष्य एवं विख्यात-वैदुष्य मण्डन मिश्र के पास उसी कार्य (भाष्य पर वार्तिक लिखवाने के लिए उनको(शङ्कर को) भेजा , तब उन दोनों में शास्त्रार्थ की कल्पना कैसे की जा सकती है? शङ्कर गये थे मण्डन से अपने भाष्य पर वार्तिक लिखवाने और यहाँ आकर करने लगे उनके शास्त्रार्थ– यह कैसा उन्मत-प्रलाप की तरह असंबद्ध वर्णन है, यह स्वयं सहृदय सुधीजन विचार करे। अतएब माधवाचार्यकृत शङ्कर-मण्डन-शास्त्रार्थ-कल्पना-प्रकरण-विरूद्ध होने के कारण अत्यन्त असंगत है।

(3) मण्डन मिश्र के पितृश्राद्ध के समय पुराणकर्त्ता व्यास एवं महर्षि जैमिनी की उपस्थिति शङ्कर दिग्विजय (8/11-13,33) में वर्णित है। यह इस कलिकाल में कैसे सम्भव है?

(4) जब 'धूमायमानेन तुषानलेन सदम्यमानेऽपिवपुष्यशेषे (शङ्कर दि. 7/78) के अनुसार कुमारिल भट्ट का पूरा शरीर जल रहा था, तो कैसे उन्होंने शङ्कर का भाष्य देखा (7'82) तथा अपना (कथानक के साथ) परिचय एवं मण्डन मिश्र का परिचय विस्तार से शङ्कर को दिया(7/83-118)?

(5) आचार्य माधवकृत 'शङ्कर दिग्विजय' में मण्डन एवं शङ्कर के वार्तालाप में जैसे मुण्डी, सुशपायी, स्त्रैण, मूर्ख, मूर्खतम– इत्यादि अशिष्ट भाषा का व्यवहार किया गया है* वह शिष्टाग्रणी दोनों आचार्यो के लिए सर्वथा अशोभनीय है। इन अशिष्ट शब्दों का प्रयोग माधवाचार्य की साम्प्रदायिक अन्धता का परिचायक है।

इन तर्को एवं युक्तियों से माधवीय शङ्कर दिग्विजय की प्रामाणिकाता तथा विश्वसनीयता सर्वथा नष्ट हो जाती है।

.....

* शङ्कर कुमारिल से अपने भाष्य पर वार्तिक लिख देने की प्रार्थना करते हैं– 'भाष्येऽपि मे रचय वार्तिकमङ्ग! भव्यम्।' (शङ्कर दिग्विजय-7/107)
* शङ्कर दिग्विजय– 7/118
* शङ्कर दिग्विजय– 8/16-31

(इ) **इतिहास विरोध**

प्रसिद्ध इतिहासकार मण्डन एवं सुरेश्वर में एकता स्वीकार नहीं करते, प्रत्युत पी.बी. काणे, डॉ गंगानाथ झा, डॉ. एस. दासगुप्त, डॉ. उपेन्द्र ठाकुर आदि प्रसिद्ध विद्वानों ने मण्डन एवं सुरेश्वर के समय में बहुत अन्तराल माना है । डॉ चन्द्रधर शर्मा ने अपने 'भारतीय दर्शन' ग्रन्थ में मण्डन एवं सुरेश्वर की भिन्नता में अनेक तर्क उपस्थित किया। ।

'शङ्कर दिग्वजय' अनेक अतिरिजित तथा(परवर्ती प्रसिद्ध आचार्य एवं महाकवि हर्ष, उदयन, अभिनव गुप्त आदि प्रतिद्वाचार्या की शङ्कर के द्वारा पराजय इत्यादि अनैतिहासिक घटनाओं के उल्लेख रहने के कारण इस ग्रन्थ को डॉ. कीथ अविश्वसनीय एवं अप्रामाणिक मानते है*। श्री पुरुषोत्तम नागेश ओक महोदय भी अपने 'भारतीय इतिहास की भयंकर भूलें' ग्रन्थ(219-220) में स्पष्ट लिखते है कि 'माधवाचार्य के 'शङ्कर दिग्विजय' को अत्यंत अविश्वसनीय ग्रन्थ स झना चाहिए।'

(ई) **परम्परा विरोध**

मिथिला की परम्परा के अनुसार भी विचार करने पर मण्डन मिश्र का संन्यास ग्रहण सिद्ध नहीं होता। मिथिला में 'धर्मस्य निर्णयोज्ञेयो मिथिला 'व्यवहारतः (वृ.या)' एवम् 'धर्मस्य तत्त्वं विज्ञेयं मिथिलाव्यवहारतः' इस वचन के अनुसार समस्त कार्य-कलाप समृति के अनुकूल ही होते हैं। स्मृति मे संन्यास ग्रहण कलियुग में निषिद्ध माना गया हैं...

.....

* पी बी. काणे– 'धर्मशास्त्र का इतिहासँ, पृष्ठ-263
डॉ. गंगानाथ झा– 'मीमांसा दर्शन, पृष्ट-183
डॉ. एस. दासगुप्त– 'हिस्ट्री ऑफ इण्डियन फिलौसफी, भाग-2, पृष्ठ-85

* डॉ. चन्द्रधर शर्मा– 'भारतीय दर्शन-आलोचन और अनुशलीन, पृष्ठ-283

* उदयनाचार्य(दशम शतक का उत्तरार्ध) की पराजय शङ्कर दिग्विजय 15/72,157 में, अभिनव गुप्त (950-1000) की पराजय शङ्कर दिग्विजय 15/158 में उल्लिखित है।

* ए.बी कीथ के संस्कृत साहित्य का इतिहास (अनुवादक– डॉ, मंगलदेव शास्त्री) नाम के ग्रन्थ में, आनन्द गिरि के 'शङ्कर विजय' को तथा माधव के'शङ्कर दिग्विजय' को सारहीन एवं निकम्मा(अविश्वसनीय बतलाया गया है।

इसी प्रकार श्री नारायण दत्त ने भी आदि शङ्कराचार्य एक सांस्कृति घटना' नाम के अपेन निबन्ध में ऐसा ही लिखा है। वे लिखते हैं– 'आदि शङ्कराचार्य के जीवन से सम्बन्धित साम्रगी देनेवाले संस्कृत काव्य (जो प्रायः 'शङ्कर विजय' था 'शङ्कर दिग्विजय' कहलाते है) चमत्करों और मिथकों के पुलिन्दे हैं।'

('धर्मयुग' अप्रैल 1996, अंक 4, पृष्ठ-25)

'अश्वालम्भं गवालर्म्भ संन्यासं पलपैतृक्म्।
देवराच्च सुतोत्पति कलौपऽधा विवर्जयेत्।।(देवल स्मृति)

'अग्न्याधेयं गवालम्भं संन्यास पलपैतृकम्।
देवरेण सुतोत्पत्ति कली पञ्च विवर्जयेत्।।'(व्यास स्मृति)

'पतिधर्म संग्रह के मतानुसार भी कलियुग में संन्यास वर्जित है। अतएव महर्षि याज्ञ वल्क्य और मिथिलेश अनक से लेकर वर्त्तमान समय तक एक भी मैथिली विद्वान संन्यासी नहीं हुए, सीाी के सभी गृहस्थ ही थे। अतः परम्परा विरूद्ध होने के कारण मिथिला के प्राचीनतम दिगन्त-विख्यात विद्वान मण्डन मिश्र की संन्यास-ग्रहण-कल्पना कपोल कल्पना मात्र (सर्वथा कल्पित) है।

ऊपर के प्रमाणों एवं युक्ति के आधार पर यह सिद्ध होता है कि 'ब्रह्मसिद्धि' ग्रन्थकार मण्डन मिश्र, सुरेश्वचार्य से भिन्न थे। अद्वैत वेदान्ती होत हुए भी मण्डन मिश्र का अद्वैत सिद्धान्त शङ्कर एवं सुरेश्वर के अद्वैत प्रस्थान से कुछ भिन्न है। इस तथ्य का उल्लेख सर्वज्ञात्ममुनि तथा विश्ववेद

आदि शङ्कर संप्रदाय के आचार्या ने अपने-अपने की भूमिका (अंग्रेजी भाषा में लिखित) में पृष्ठ-50 तथा 55 में दिया है। इसी भूमिका में मण्डन एवं सुरेश्वर के पार्यक्य का भी निरूपण विस्तार से किया गया है।

आचार्य बलदेव उपाध्याय ने भी अपने 'श्री शङ्कराचार्य' ग्रन्थ में इस तथ्य का उल्लेख किया है। वे लिखते हैं– 'ब्रह्मसिद्धि' (मण्डन मिश्र का प्रसिद्ध ग्रन्थ) के सम्पादक म.म कुप्पुस्वामी शास्त्री ने इस प्रश्न की विशद समीक्षा कर निम्नलिखित निष्कर्ष दिया है।

(क) 'ब्रह्मासिद्धि' के रचयिता मण्डन न तो शङ्कर के शिष्य थे और न उन्होंने कभी संन्यास-ग्रहण किया था। बह सुरेश्वर से भिन्न थें उनका अद्वैत सिद्धात शङ्कर-प्रस्थान से भिन्न था।

(ख) सुरेश्वर का गृहस्थाश्रम-नाम विश्वरूप था। वे उस समय कुमारिल भट्ट के शिष्य थे। शङ्कर के सम्पर्क में आकर वे उनके शिष्य बने और संन्यासी हुए। उन्होंने अपने 'वार्तिक' और 'नहिष्कर्म्यसिद्धि' ग्रन्थ में, मण्डन मिश्र के द्वारा 'ब्रह्मसिद्धि' ग्रन्थ में निर्दिष्ट तथा व्याख्यात अनेक अद्वैत सिद्धान्तों का खण्डन किया है। अब 'ब्रह्मासिद्ध' ग्रन्थ में निर्दिष्ट तथा व्याख्यात अनेक अद्वैत सिद्धान्तों का खण्डन किया है। अब 'ब्रह्मसिद्धि' (ग्रन्थ) के मद्रास से प्रकाशित हो जाने पर यह स्पष्ट हो गया है कि सुरेश्वर और मण्डन भिन्न-भिन्न व्यक्ति है।*

---

* पी. बी. काणे– 'धर्मशास्त्र का इतिहासँ, पृष्ठ-498, 501

* बलदेव उपाध्यक्ष–'श्री शङ्कराचार्य', पृष्ठ- 178-179

रामतीर्थ के 'मानसोल्लासँ ग्रन्थ में भी स्पष्ट लिखा है कि शङ्कर के शिष्य सुरेश्वर का दूसरा नाम विश्वरूप है ।

इस तरह ग्रन्थ विरोध, युक्ति विरोध, इतिहास विरोध तथा परम्परा विरोध के कारण सर्वथा सिद्ध हो जाता है कि पूज्यपाद मण्डन मिश्र का शङ्कराचार्य के साथ न तो शास्त्रार्थ हुआ और न मण्डन मिश्र ने पराजित होकर संन्यास-ग्रहण ही किया। शङ्कर के शिष्य बनकर सन्यास-ग्रहण करने वाले विश्वरूप आचार्य थे, न कि मण्डन मिश्र।

अतः माधवाचार्य एवं सत्यानन्द सरस्वती के शङ्कर दिग्विजय ग्रन्थ में वर्णित तथा अन्यत्र भी वर्णित शङ्कराचार्य के साथ मण्डन मिश्र का

शास्त्रार्थ तथा उसमे पराजित होकर उनका (मण्डन का) संन्यास ग्रहण सर्वथा अप्रामाणिक, असंगत एक कल्ति है।

वस्तुतः शङ्कराचार्य के जीवन चरित पर विरचित एवं उपलब्ध ग्रन्थों में किसी को भी प्रामाणिक नहीं माना जा सकता; क्योंकि सीभी ग्रन्थों में परम्परा से सुनी-सुनाई बाते बतलायी गई हैं।

1. इस तथ्य का स्पष्ट उल्लेख आचार्य बलदेव उपाध्याय ने माधवकृत शङ्कर दिग्विजय की हिन्दी भूमिका(पृष्ठ 7-8) में इस प्रकार किया है—

सुनते हैं कि (शङ्कर के साक्षात् शिष्य) परद्पाद ने उनके दिग्विजय का वर्णन विस्तार के साथ अपने विजय डिण्डिम' ग्रन्थ में किया था। परन्तु दैव विषाक से वह ग्रन्थ नष्ट हो गया। आजकल आचार्य के उपलब्ध जीवन चरित (जिन्हें 'शङ्कर विजय' या 'शङ्कर दिग्विजय' नाम से पुकारते हैं) में कोई भी उनका समसामयिक नहीं है। सब ग्रन्थ पीछे रचनाएँ हैं, जिनमें सुनी सुनाई बातों का उल्लेख किया गया हैं। भिन्न-भिन्न पीठों की अपनी महत्ता प्रदर्शित करने की लालसा अनेक दिग्विजयों की रचना के लिए उत्तरदायी हैं।

(माधव-शङ्कर दिग्विजय की हिन्दी भूमिका, पृष्ठ 7-3)

2. प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. सुरेन्द्रनाथ दासगुप्त ने भी अपने 'भारतीय दर्शन का इतिहासँ, भाग-2 में इसी प्रकार स्पष्ट रूप में लिखा है— 'शङ्कर दिग्विजय एक पौराणिक जीवन चरित है और जब तक किसी विश्वसनीय साक्ष्य से उसके कथन पुष्ट न हो जाएँ, तब तक उस पर विश्वास करना भयावह है।

3. डॉ. ए.बी. कीथ के 'संस्कृत साहित्य का इतिहासँ (अनुवादक- डॉ. मंगलदेव शास्त्री) पृष्ठ-601 में भी आनन्द गिरि के नाम से प्रसिद्ध 'शङ्कर विजय' को

.....

* पी.बी. काणे— 'धर्मशास्त्र का इतिहासँ, पृष्ठ-68

*माधवाचार्यकृत शङ्कर दिग्विजय(बलदेव उपाध्याय की हिन्दी टीका सहित) पृष्ठ-587

एवं माधवाचार्यकृत 'शङ्कर दिग्विजय' को सारहीन एवं निकम्मा(अविश्वसनीय) बतलाया गया है।

4. 'भारतीय इतिहास की भयंकर भूले' ग्रन्थ(पृष्ठ 219-220) में उसके लेखक श्री पुरुषोत्तमदास नागेश 'ओक' महोदय भी इसी प्रकार स्पष्ट लिखते हैं कि– माधवाचार्य के 'शङ्कर-दिग्वजय' को अत्यत अविश्वसनीय ग्रन्थ समझना चाहिए।

5. इसी प्रकार शङ्कर-साहित्य के विशेषज्ञ श्री नारायण दत्त महाश्य ने भी शङ्कराचार्य के जीवन चरिन ग्रन्थों की अप्रामाणिकता बतलाते हुए लिखा है– आदि शङ्कराचार्य के जीवन से सम्बन्धित सामग्र देनेवाले संस्कृत काव्य(जो प्रायः 'शङ्कर विजय' या 'शङ्कर दिग्विजय' कहलाते हैं) चमत्करों और मिथकों के पुलिन्दे हैं।

('धर्मयुग', अप्रैल 1996, अंक 4, पृष्ठ-25)

6. मिथिला-संस्कृति एवं साहित्य के विशेषज्ञ श्री गोपालकृष्ण मल्लिक का भी ऐसा ही मत है। वे 'मण्डन मिश्र और सुरेश्वराचार्य एक नही' नाम के निबन्ध में लिखते हैं–

(क) 'किंवदन्तियों के आधार पर रचे गए शङ्कराचार्य के दिग्विजय-प्रसंग में मण्डन मिश्र के सम्बन्ध में जो कुछ कहा गया है, उसे प्रामणिक या सत्य मानना ही सबसे बड़ी अप्रामाणिकता एवं असत्य का द्योतक होगा; क्योंकि उसमें मण्डन मिश्र की अपने मूल रूप तथा मूल भूमि से ही निष्कसित करने का अनर्थकारी प्रयास किया गया है।'(पृष्ठ-22)

(ख) माधवाचार्य विजयनगर- साम्राज्य के संस्थापक तथा मंत्री और वेदों के भाष्यकार सायणाचार्य के भाई थे। जब विजयनगर-साम्राज्य फूट के दलदल में फँस कर मुसलमानों के अधीन हो गया, तब माधवचार्य के लिए कोई चारा नहीं रहा और संन्यास ग्रहण कर वे विद्यारण्य स्वामी हुए। माधवाचार्य का जीवन काल दक्षिण भरत में हिन्दू-संस्कृति और साहित्य का पुनः प्रबोध काल था। विद्यारण्य स्वामी के रूप मे वे श्रंगेरी मठ के आचार्य बने। और फिर उन्होंने जी भी रचना की, वह किंवदन्तियों के आधार पर की तथा अपने पूर्व के ग्रन्थों की पूरी उपेक्षा की।... फिर उसे प्रामाणिक कैसे माना जा सकता है? अतः निश्चय ही गुरु परम्परा तथा मठाम्नायों से चल आती किंवदन्तियों पर रचित जीवन चरित या उक्त अप्रामाणिक घटनाओं पर रचित किन्हीं की जीवनी को, चाहे वह 'शङ्कर दिग्विजय' ही क्यों न हो, प्रामाणिक नहीं माना जा सकता। (पृष्ठ-24)

7. संस्कृत सुकवि-समीक्षा ग्रंथ में आचार्य बलदेव उपाध्यक्ष लिखते हैं– 'माधवाचार्य के अनुसार जो वर्णन ('शङ्कर दिग्विजय' में) किया गया है, उसके लिए यह कहना है कि काम कोटि-पीठ के अध्यक्ष 'धीर शङ्कर' नामक आचार्य हुए थे।

.....

* भारती-मण्डन-स्मृति-महासमारोह महिषी, स्मारिक, 25 मार्च 1970

उन्होंने आदिशङ्कराचार्य के समान समस्त भारतवर्ष का विजय किया, कश्मीर में सर्वज्ञपीठ पर अधिरोहण किया और वे कैलाश में ब्रह्मपदलीन हो गये। उन्हों के जीवन की घटनाएँ गलती से आदिशङ्कराचार्य के साथ सम्बन्द्ध कर दी गई है। शङ्कर कांची में अपने स्थूल शरीर को छोड़कर सूक्ष्म शरीर में लीन हो गये थे।

('संस्कृत सुकवि-समीक्षा', पृष्ठ-453)

8. उक्त 'धर्मयुग' (अप्रैल 1996, अंक-4) के ही पृष्ठ-26 में उल्लिखित हैं कि 'शङ्कर-मत के अनुयायी और तलस्पर्शी विद्वान स्वामी सच्चिदानन्द भारती मे अपने महत्त्वपूर्व कन्नड़ पुस्तक 'श्री शङ्कर-भगवत्पाद-चृतान्तसार-सर्वस्व' में यह सवाल उठाया है कि क्या कोई संस्कारवती विदुषी गृहिणी खुले शास्त्रार्थ में किसी बाल-ब्रह्मचारी संन्यासी से कामशास्त्र-सम्बन्धी प्रश्न पूछेगी? मेरी दृष्टि में तो 'शङ्कर दिग्विजयों' में वर्णित परकाय प्रवेश का मिथक शङ्कराचार्य के मूल व्यक्तित्व को ही खण्डित कर देता है। क्या उनके जैसा जितेन्द्रिय ब्रह्मचारी महज शास्त्रार्थ जीतने के लिए अपना जीवन- व्रत तोड़कर कामशास्त्र का ज्ञान प्राप्त करने को तैयार हो जायेगा? मुझे लगता है, अपने परम गुरु की योग शक्ति के ढोल पीटने के उत्साह में मिथककार इस बुनियादी बात को भूल गया है।'(पृष्ठ-27)

9. म.म. दाघीच पण्डित शिवदत्त शर्मा ने 'नहिषघचरित महाकाव्य' (नारायण-रचित 'नहिषघीय प्रकाश' व्याख्या सहि 1942 ई, बम्बई से प्रकाशित)में शङ्कराचार्य की प्रशंसा के लिए स्वकल्पित कथानक का वर्णन किया है।'

10. इसी तरह डॉ. मण्डन मिश्र शास्त्री (जयपुर) ने भी अपने ग्रंथ 'मीमांसा-दर्शन' (पृष्ठ-91) में इसी प्रकार लिखा हैं– 'शङ्कर दिग्विजय में अनेक घटनाएँ अतिरंजित हैं एवं एसकी प्रामाणिकता निर्विवाद नहीं है।'

उपर्युक्त विवेचन एवं अनेक प्रमाणों के अनुशीलन करने से, 'शङ्कर दिग्विजय' ग्रन्थ में माधवाचार्य द्वारा वर्णित शङ्कर एवं मण्डन में शास्त्रार्थ की तथा उसमें पराजित होकर मण्डन के संन्यास-ग्रहण की कल्पना सर्वथा अप्रामाणिक, कल्पित एवं असंगत सिद्ध होती है।

वाचस्पति पर भावाद्वैत का प्रभाव

—पं. सहदेव झा

('भामती' टीका एकटा एहेन प्राचीन दर्शन-ग्रन्थ थिक, जकर चर्चा बिना मण्डन-शङ्कर-प्रकरण अपूर्ण रहि जाइछ। वाचस्पति, मण्डन आ शङ्करक बीचक एहेन कड़ी आ सन्धि-स्थल छथि, जिनकर उपस्थापन केने बिना मण्डन-वाचस्पति-शङ्करक पारम्परिक प्रभाव-प्रतिशतक निराकरण नहि कएल जा सकैए। तीनू मे के ककरा कतेक प्रभावित केलनि झा वाचस्पति अपन व्याख्या में मण्डन कतेक नजदीक छथि आ शङ्करक कतेक नजदीक वा दूर-से स्वभावतः बहसक विषय रहल अछि। तहिना वाचस्पति पर अद्वैत अथवा भावाद्वैतक की-कोना प्रभाव पड़ल अछि, तकर विश्लेषण एत' केलनि अछि अन्धरा-ठाढ़ीक पहुँचल विद्वान पं. सहदेव झा, जिनका लग 'ब्रह्मासिद्धि' नामक मण्डन-महाग्रन्थ आधाररूपेण उपलब्ध छनि। पं. झा अपन हालहि लोकार्पित पोथी 'मण्डन मिश्र और उनका अद्वैत वेदान्त'(सं. डा. तारानन्द वियोगी) मे अपन वृहत् ज्ञान-गंगा आ विश्लेषण-सामर्थ्यक परिचय मैथिल आ भारतीय समाजक सम्मुख द' चुकल छथि। एहि सँ पूर्व, पोथीमे अपने श्री किशोरनाथ झाक निबन्ध 'वाचस्पति पर मण्डन प्रभाव' पढ़ि चुकल छी।— सम्पादक)

मैंने छोटी सी पुस्तक में सिद्ध किया है कि शङ्कर के अद्वैत-वेदान्त से मण्डन का अद्वैत-वेदान्त, अलग सम्प्रदाय का पृथक् अस्तित्त्व रखता है और शङ्कर के सम्प्रदाय के अद्वैत वेदान्त के अनेक विचारों से मण्डन के सम्प्रदाय का विचार भिन्न है। मण्डन मिश्र के विचारों का मूल उद्गम मैथिली-महर्षि-गौतम के छान्दग्योपनिषद्, मैथिल-महषि-याज्ञवल्क्य के ईशावास्योपनिषद हैं। शङ्कर ने अपने सम्प्रदाय के अनुसार ब्रह्म सद्रूप भी नहीं हैं और आनन्दोब्रह्मेति विजानयात् प्रज्ञान ब्रह्मेति इत्यादि श्रुति वचनों के अनुसार ब्रह्म के धर्म, ज्ञान एवं आनन्द को माना है। शङ्कर एवं मण्डन दोनों के अद्वैत वेदान्त के अनुसार धर्म और धर्मी में पार्यवय नहीं है, जैसे अग्नि एवं उष्णता में कुछ पार्यक्य जैसे प्रतीत होते हुए भी वास्तविक दृष्टि से दोनों में एकता है। उसी तरह सत्-चित्-आनन्द में कुछ पार्यक्य जैसे होते हुए भी

तीनों में वास्पविक-एकता है। पृथक प्रतीत होनेबाले दो वस्तुओं को यदि अलग-अलग नहीं किया जा सके तो उन दोनों में वास्तविक एकता ही रहती है। जैसे अग्नि एवं उष्णता में कुछ भेद जैसा प्रतीत होता है। जैसे आग की उष्णता ऐसा प्रयोग तो होता है, परन्तु 'उष्णता की आग' ऐसे वाक्य का प्रयोग नहीं होता है। अतः आग और उष्णता में कुछ भेद जैसा। प्रतीत होने पर भी, दोनों में वास्तविक एकता ही हैं। क्योंकि आग से उष्णाता को हम अलग नहीं कर सकते हैं। सूत एवं वस्त्रों की अलग नहीं कर सकते हैं। मण्डन के मत में सत् चित् एवं आनन्द ये तीनों अलग-अलग प्रतीत होने पर भी तीनों में वास्तविक एकता ही हे। क्योंकि सूत-ज्ञान एवं आनन्द को हम अलग-अलग नहीं कर सकते हैं। इसलिए मण्डन मिश्र ने सुस्पष्ट रूप से ब्रह्म को 'सच्चिदानन्द स्वरूप' माना है। परन्तु शङ्कर एवं उनके अनुगामी प्रायः सभी विद्वानों ने अनेक स्थानों में ब्रह्म को 'सच्चिदानन्द स्वरूप' मानते हुए भी, और ब्रह्म के धर्म के रूप में ज्ञान एवं आनन्द को मानते हुए भी ब्रह्म को निधर्मक माना है। समझ में नहीं आता है कि इस तरह की परस्पर विरूद्ध बाते शङ्कर सम्प्रदाय में कैसे वर्णित हुई हैं। इसलिए शङ्कर सम्प्रदाय के विरोधी किसी विद्वान ने लिखा है कि 'निर्विशेष मवेद्यञ्च कर्य ब्रह्म निर्विशेष अर्थात् विशेषता से रहित, दूसरे शब्दों में विशेषणों से वर्जित तथा ब्रह्म को अवेद्य अर्थात् अज्ञेय मानते हैं और दूसरी और ब्रह्म को सुखस्वरूप भी मानते हैं। ये दोनों परम्परा विरूद्ध बातें कैसे सम्भव हो सकती हैं।

एक और तो मधुसूदन सरस्वती ने लिखा है कि 'निर्धर्मकतया अवेद्यतया च ब्रह्म आनन्दादि पद लक्ष्य न वाच्यम्' (अद्वैतसिद्धि द्वितीय परिच्छेद, पृष्ठ- 784) अर्थात ब्रह्म तो निधर्मक अर्थात धर्मशून्य एवं अवेद्या अर्थात अज्ञेय है अतः ब्रह्म को उपनिष्द में जहाँ सच्चिदानन्द कहा गया है, उन पदों के वाच्च ब्रह्म नहीं है। अपितु लक्ष्य हैं। अर्थात् ब्रह्म को जहाँ उपनिषदों में आनन्द कहा गया है वहाँ आनन्द पद का मुख्य अर्थ नहीं है, अपितु आनन्द का लक्ष्यार्थ यह है कि ब्रह्म में दुख नहीं है। जहाँ उपनिषद में ब्रह्म को ज्ञानस्वरूप कहा गया है वहाँ उपनिषदों का तात्पर्य यह नहीं है कि ब्रह्म का धर्म ज्ञान अथवा आनन्द है परन्तु उसका तात्पर्य यह है कि ब्रह्म में अज्ञानता एवं दुख आदि नहीं है। दूसरी ओर पदमूपादाचार्य ने

लिखा है कि 'आनन्दोविषयानुभवो नित्यत्वमिति सन्ति धर्माः अपृथक्त्वेऽपि चैतन्यात् पृथगिवावभाषन्ते।' अर्थात ब्रह्म का धर्म आन्द विषयानुभव अर्थात सभी वस्तुओं का ज्ञान और नित्यत्व धर्म हैं चैतन्यस्वरूप ब्रह्म से वे धर्म पृथक नहीं है। परन्तु पृथक जैसे प्रतीत होते हैं।

शङ्कर के दूसरे शिष्य सुरेश्वराचार्य ने वृहदारन्यकोपनिषद् भाष्य के वार्तिक में लिखा हैं– यत्सुखं साधनाधीनं दुःखमेव तदुच्यते।

अनन्य साधन तस्मात् स्वात्मस्थं परम सुखन्।।(1851 श्लोक)

अर्थात मन आदि साधनों से निरपेक्ष अपनी ब्रह्मस्वरूप आत्मा में रहने वाले नैसंगिक सुख ही परम सुख है। विख्यात पञ्चदशी ग्रन्थ के रचयिता विद्यारण्य जो पीछे शङ्कराचार्य की गद्दी पर आसीन हुये, उन्होंने 'अनुभूति प्रकाश' नामके अपने ग्रन्थ में लिखा है–

निरूपाधि परानन्द आत्मेति श्रुति-सम्मतः।

आनन्दः सर्वभूतानाम् तस्मिन्नर्भवन्ति हि।। (श्लोक-52)

अर्थात् निरूपाधि अर्थात निरपेक्ष परमानन्दस्वरूप आत्मा (ब्रह्म) हैं। यह श्रुति सम्मत है। अर्थात उपनिषदों से प्रतिपादित है। सभी प्राणियों के सांसारिक आनन्द उस ब्रह्मानन्द के अन्तर्गत ही है। अर्थात् सांसारिक सुख भी ब्रह्मानन्द का अंश है।

'परमानन्दरूपत्वमात्पनश्चेद् विवुध्यते। कुतः कामयते भोग्यम् ततो बोधादकामता'। (अनु. प्र. 45 श्लोक)

अर्थात् यदि आत्म का अर्थात् ब्रह्म की परमानन्दरूपता का ज्ञान हो जाय, तो सांसारिक भोग्य पदार्थो की कामना, जीवनमुक्त जीवों को कैसे हो सकती है। क्योंकि ब्रह्मबोध तो अनन्त आनन्दस्वरूप है– जिसे प्राप्त कर लेने पर सांसारिक क्षुद्र- आनन्दों की कामना नहीं रहेगी। जीवन्मुक्तों की अकामता स्वतः सिद्ध हो जाएगो।

आश्चर्य है कि ब्रह्म सच्चिदानन्दस्वरूप है ऐसा स्पष्ट वर्णन पद्मपाद सुरेश्वराचार्य ने किया है। फिर दूसरो और ब्रह्म को निधर्मक एवं अवेद्य कैसे मान लिया है। ज्ञान एवं आनन्द तो अवेद्य अर्थात अज्ञेय होते ही नहीं है। जब कभी ज्ञान एवं आनन्द होते हैं तो स्वतः ज्ञेय रहते ही हैं। ऐसा सम्भव ही नहीं हैं कि आपको ज्ञान या आनन्द तो होंगे और आप उसे नहीं समझेंगे। उपनिषद में तो स्पष्ट वर्णन है कि 'अत्रायम् पुरुषः

स्वयंज्योतिः' अर्थात् यह पुरुष अर्थात् ज्योतिस्वरूप हैं। अर्थात् ब्रह्म स्वयं प्रकाश हैं। वे तो अपने ही प्रकाश से अपने एवं अपने एवं अपने धर्म को समझते ही रहते हैं। मण्डन मिश्र ने ब्रह्मासिद्धि में लिखा है कि 'प्रकाशमानानन्दातिशयम् ब्रह्म'। अर्थात् प्रकाशित होते हुए अनतिशय अर्थात् सर्व-श्रेष्ठ आनन्दस्वरूप ब्रह्म हैं। मण्डन मिश्र ने सत्ता, ज्ञान एवं आनन्द प्रतिपादक उपनिषद वाक्यों का मुख्यार्थ में ही तात्पर्य माना है। अर्थात मण्डन की दृष्टि में ब्रह्म अवाच्य नहीं है। अपितु वाच्य ही हैं– तदेवं दुख निवृत्तेरन्यम् सुखम्। सचानन्ददशब्दस्य मुख्योऽर्थः। शब्द प्रमाणके च यथा शब्द प्रतिपत्तिर्युक्तय। (पृष्ठ-3 ब्र.सि)

दुख निवृत्ति से अन्य सुख है। वह वैदिक आनन्द शब्द का मुख्य अर्थ है ब्रह्म शब्द-प्रमाण से सिद्ध होते हैं। शब्द के अनुसार ज्ञान ठीक है। मण्डन मिश्र ने ब्रह्म ने ब्रह्मसिद्धि के मंगलाचरण में सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म को प्रणाम किया हैं।

नमामस्तद्ब्रह्मापरिमित सुखज्ञनमृतम्।

अर्थात अपरिमित अनन्त सुख, ज्ञान और अमृत अर्थात् सत्स्वरूप ब्रह्म को हम प्रणाम करते हैं। वाचस्पति मिश्र ने भामती में सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म-श्रुति, स्मृति, इतिहास एवं पुराणों से प्रतिपादित हुए हैं, ऐसा लिखा हैं। 'समस्तोपाध्यनवाच्छिन्नन्तानन्दचै तन्यैकर समुदासीनमेकमद्वितीयमात्मतर्त्वश्रुति स्मृतीतिहासपुराणेषुगीयते।'

अर्थात सांसारिक सभी विशेषणों से रहित अनन्त आनन्द एवं ज्ञान स्वरूप एक रस अर्थात् अपरिवर्तनीय स्वरूप उदासीन अर्थात् प्रयोजनरहित एक एवं द्वितीय रहित आत्मतत्त्व अर्थात् ब्रह्मतत्तव श्रुति, स्मृति, इतिहास एवं पुराणों में प्रतिपादित हुए हैं और उन्होंने लिखा है–

न चैतान्युपकमपरामर्शोसंहारैः क्रियासमभिहारेणे दृगात्मतत्त्वमभिदघति तत्पराणि सन्ति शक्यानि शकेणाप्युप चरितार्थानि कर्तुम, अभ्यासे हि भूयस्व मर्थस्य भवति; यथाहो दर्शनीयाहो दर्शनीयेति न न्यूनत्वं, प्रागेवोपचरितत्त्वमिति।

(ब्र. सूत्र 1.1.1)

यह सर्वमान्य सिद्वांत है कि किसी भी ग्रन्थ में जिस विषय से उपक्रम होता है अर्थात् प्रारंभ किया जाता है ओर परामर्श अर्थात् उस विषय को मध्य में भी कहा जाता है और उपसंहार अंत में भी कहा जाता

है एवं क्रियासमभिहार' अर्थात् बार-बार कहा जाता है। उस विषय में ग्रन्थ का तात्पर्य रहता है वाचस्पति मिश्र ने उपरिलिखित पंक्ति में कहा है कि अनन्त आनन्द एवं अनन्त ज्ञानस्वरूप ब्रह्म का वर्णन उपनिषदों में आदि, मध्य एवं अंत में बार-बार किया गया है। अतः सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म प्रतिपादक उपनिषद के वाक्यों का उपचरितार्थ अर्थात् लक्ष्यार्थ देवराज इन्द्र भी नहीं कर सकते हैं। यहाँ सच्चिदानन्द प्रतिपादक वेदान्त वाक्यों के लक्ष्यार्थ माननेवाले शङ्कर एवं उनके अनुगामियों को वाचस्पति मिश्र ने कैसे ललकरा और फटकारा है और मण्डन मिश्र के सिद्धान्त का कैसे समर्थन किया हैं, इन और विद्वानों का ध्यान आकृष्ट होना चाहिए।

वाचस्पति मिश्र ने लिखा है 'सत्यम् चिदात्मा अनृतम् बुद्धन्द्रियदेहादि।' अर्थात् चिदात्मा ब्रह्म तो सत्यस्वरूप हैं अर्थात् भावस्वरूप हैं औ बुद्धि, इन्द्रिय, देह आदि अनृत अर्थात्....हैं। यहाँ वाचस्पति मिश्र ने सत्यस्वरूप ब्रह्म तो श्रुति, स्मृति, इतिहास एवं पुराणों से प्रतिपाद्य हैं एवं श्रुत्यादिमूलक एवं श्रुत्यादि से अविरूद्ध तर्क से निर्णीत शुद्ध-बुद्ध मुक्त सवभावस्वरूप, सत्ता से ही निर्वचनीय हैं। यहाँ विद्वानों को ध्यान देना चाहिए कि सत्तासे निर्वचनीय ब्रह्म हैं। अर्थात् जिसकी अनन्त सत्ता हो, वही ब्रह्म है। ऐसा सिद्धांत शङ्कर एवं उनके सम्प्रदायों के विद्वानों का अपनी अनन्त सत्ता से ही ब्रह्म निर्वचनीय हैं। यह मण्डन मिश्र का सिद्धांत है। वहीं वाचस्पति मिश्र ने लिखा हूँ 'तस्मापदराधीन प्रकाशासविदु पेतव्याः।' इसलिए अपराधीन प्रकाश दूसरों के अधीन प्रकाशस्वरूप संवित अर्थात् ब्रह्म नहीं है। वे अपने ही प्रकाश से प्रकाशित हैं। अपने प्रकाश से ब्रह्म प्रकाशित होते है। अर्थात् अपने ज्ञान से ही ब्रह्म समझे जाते हैं। यह शङ्कर का सिद्धान्त नहीं है। वे तो ब्रह्म को अवेद्य अर्थात् अज्ञेय मानते हैं। मण्डन मिश्र ने ब्रह्मसिद्धि में स्पष्ट लिखा है कि ब्रह्म अपने ज्ञान से समझे जाते है– 'न खल्वानन्दनित्यतवविभुस्वादयो अस्यचिद्रूपाद् वस्तुतोभिद्यन्ते।' अर्थात् आनन्द नित्यत्व एवं विभुत्व (सर्वव्यापकस्व) आदि धर्म ज्ञानस्वरूप ब्रह्म से भिन्न नहीं है। (1.1.1 के शांकरभाष्य की भामती)

ब्रह्मासाक्षात्कार के सम्बन्ध में उपनिषद में कहा गया है कि 'श्रोतव्यः मन्तव्यः निदिध्यासितव्यः।' अर्थात् अनुभावी आचार्य से वेदान्त वाक्य का श्रवण करना चाहिए। तत्पश्चात् सुने हुए तथ्य का तर्क से मनन

करना चाहिए। श्रवण और मनन से जब ब्रह्म का ज्ञान सुनिश्चित हो जाय तब जीवात्मा ब्रह्म ही है, उन दोनों की दृष्टि में का ऐसा स्वभाव है कि उससे परोक्षात्मक ज्ञान ही होता है। स्वभाव से विपरीत कार्य नहीं होता है। वाचस्पति ने भामती में लिखा हैं कि यदि स्वभाव से विपरीत कार्य हो तो कुटज(कोरैया वृक्ष) के बीज से वट के वृक्ष की उत्पति भी हो जाएगी। 'फुटजबी- साक्षात्कार होता है, मन तो इन्द्रिय है। उसका धर्म प्रत्यक्षात्मक ज्ञान करना है। अतः वेदान्त वाक्यार्थ से, सुसंस्कृत मन से ब्रह्म का साक्षात्कार होता है। शङ्कराचार्य की अनेक पंक्तियों से ऐसा प्रतीत होता है कि वे वेदान्त वाक्य से ही ब्रह्म का प्रत्यक्षात्मक ज्ञान वाक्य से ही ब्रह्म का प्रत्यक्षात्मक ज्ञान हो जाता है, अपने-अपने ग्रन्थों में ऐसा प्रतिपादन किया है। परन्तु मण्डन मिश्र के अनुगामी वाचस्पति मिश्र ने भामती में सभी स्थानों में सुसंस्कृत मन से अर्थात् अखण्ड ध्यान से ब्रह्म का प्रत्याक्षात्मक ज्ञान होता है, ऐसा माना है।

शङ्कराचार्य ने 1/3/19 वेदान्तसुत्र के भाष्य में लिखा है कि जैसे उज्जवल स्फटिक मणि की स्वच्छता एवं शुक्लता, रक्त एवं नीलवर्ण की वस्तुओं से कभी नील तो कभी रक्तिम प्रतीत होने लगती है परन्तु यदि नील एवं रक्तिम वस्तु को शुद्ध स्फटिक मणि के नजदीक से हटा दिया जाय, तो स्फटिकमणि की स्वाभाविक शुक्लता प्रतीत होने लगती है। उसी तरह देह इन्द्रिय आदि उपाधि(समीपवर्ती वस्तुओं) से प्रभावित होकर लगती हें। उसी तरह देह इन्द्रिय आदि उपाधि (समीपवर्ती वस्तुओं) से प्रभावित होकर सांसारिक सुख एवं दुखादि से रहित ब्रह्मस्वरूप जीव भी अपने को सुखी एवं दुखी मानने लगता हैं। परन्तु उन उपाधियों से विभक्त अपने स्वरूप को जीव जब समझने लगता है अर्थात् वेदान्त प्रमाणजन्य विवेक ज्ञान से अर्थात् मैं देहादि से भिन्न सांसारिक सुख दुखरहित ब्रह्मस्वरूप हूँ, ऐसा समझने से जीवन असांसारिक ब्रह्मस्वरूप हो जाता है। 'यथा शुद्धस्य स्फटिकस्य स्वाच्छ्यं च स्वरूपम् प्राब्विवेक ग्रहणाद्रक्तनीलाद्यु पाधिभिरविविक्तमिव भवति। प्रमाणजनितविवेकग्रहणातु पराचीन-स्फटिक स्वाच्छ्येन शैक्ल्येन च स्वेन स्वेणाभिनिष्पद्यत इत्युच्याते प्रागपि तथैव सन्'।

शङ्कराचार्य की पंक्तियों में जो यह बात आई है 'प्रमाणजनितविवेक ग्रहणात्' इससे सूचित होता है कि शङ्कराचार्य वेदान्त प्रमाणजन्य विवेकज्ञान

से ब्रह्मज्ञान हाँ जाता है, ऐसा वे मानते हैं। मनन एवं ध्यानभ्यास से विवेकज्ञान होता है, ऐसा वे नहीं मानते हैं। जो मण्डन के सिद्धान्त से अर्थात् श्रवण, मनन के बाद निदिध्यासन से ब्रह्म का साक्षात्कार होता हैं, इससे विरूद्ध है। अतः वाचस्पति मिश्र ने उपरिलिखित शङ्कर भाष्य की व्याख्या भामती में मण्डन मिश्र के पक्ष का समर्थन करते हुए लिखा हैं– 'तदनेन श्रवणमनन ध्यानाभ्यासाद्विवेकविज्ञान मुक्त्वा तस्य विवेकविज्ञानस्य फल केवलात्मरूपसाक्षात्कारः स्वरूपेणाभि निष्पत्तिः, सच साक्षात्कारो वृत्तिरूपः प्रपंचमात्र प्रविला-यपन् स्वयमपि प्रपञ्चरूपत्वात्कतबत्प्रलीयते। तथाच निर्मृष्टनिलिखप्रपञ्चजा-लमनुपसर्गपराधीनप्रकाशमात्म ज्योतिः सिद्ध भवति।'

वाचस्पति मिश्र का कहना है कि उपरिलिखित पंक्तियों से शङ्कर ने श्रवण, मनन एवं ध्यानाभ्यास से देहादि से जीव का अपना वास्तविक स्वरूप विविक्त है, ऐसा विशिष्ट ज्ञान कह कर उस विवेक विज्ञान का फल केवल आत्मरूप साक्षात्कार वृत्तिरूप हैं। अर्थात् मानसिक व्यापार स्वरूप हैं। वह मानसिक व्यापार प्रपञ्चमात्र को अर्थात् सांसारिक सभी वस्तुओं की विलोपित करता हुआ, चूँकि वह मानसिक व्यापार स्वयं भी प्रपञ्चरूप हीं है। अतः कतकफल के समान स्वयं भी विलीन हो जाता हैं। कतकफल इषदरक्त का होता है। गन्दे पानी में उस फल के चूर्ण को देने से पानी के गन्दगी को मिटाता हुआ वह चूर्ण भी स्वयं नष्ट हो जाता है। उसी तरह वेदान्त वाक्य से सुसंस्कृत मन के अन्तिम व्यापार से जीवों की अज्ञानता नष्ट हो जाती हैं। और वह अन्तिम व्यापार भी स्वयं नष्ट हो जाता है। इस तथ्य को मण्डन मिश्र ने भी कई स्थानों में लिखा हैं– 'यथा विष विषान्तर शमयति, स्वयं च शाम्यति, यथा वा कतकरजो राजोऽन्तराविले पयसि प्रक्षिप्तं रजोऽन्तराणि भिन्वत् स्वयमपि भिद्यमानमनाबिलं पाथः करोति, एवं कर्म, अविद्यात्मकमपि अविद्यान्तराष्यपगमयत् स्वयमम्यपगन्छति ।'

जैसे विष अन्य विष को शान्त करता है और उसके पश्चात स्वयं भी शान्त हो जाता है। जैसे कतकफल की धूल दूसरी धूलों से मलीन जल में प्रक्षेप करने से अन्य धूलों को मिटाता हुआ वह कतकचूर्ण स्वयं भी नष्ट हो जाता है ओर जल को स्वच्छ करता हुआ स्वयं भी नष्ट हो जाता है।

बहुत पूर्व में लकड़ी की पाटी (स्लेट) पर विद्यार्थी लिखते थे। उस पार्टी को चिकना बनाने के लिए कतकफल से रगड़ते थे। उसके चूर्ण में

यह विशेषता हे कि पानी की गन्दगी को मिटा कर वह चूर्ण भी नष्ट हो जाता हैं। अन्यत्र भी मण्डन मिश्र ने लिखा है- 'यथा रच-सम्पर्क-कुलपति मुदकम् द्रव्य-विशेष चूर्णरजः प्रक्षिप्तं रजोन्तराणि सहंरत् स्दयमपि संहिष्मान स्वरूपावस्था मुपनयति एवमेव श्रवणादिभिर्भेद दर्शने प्रविलियमाने स्वच्छे परिशुद्धे स्वरूपे जीवोऽवतिष्ठते।' (ब्र. सि. 12 पृष्ठ)

अर्थात् जैसे धूल के सम्पर्क मे कलुषित अर्थात् मलीन उदक अर्थात् जल में द्रव्य विशेष (कतक फल) के चूर्णरूपी धूल डालने पर अन्य धूलों को नष्ट करता हुआ स्वयं भी नष्ट होता हुआ पानी की स्वच्छ स्वरूपावस्था को प्राप्त करता है उसी तरह श्रवणादि से भेद दर्शन नष्ट होते हुए श्रवणादि भी नष्ट हो जाते हैं और स्वच्छ परिशुद्ध स्वरूप में (ब्रह्मरूप में) जीव अवस्थित हो जाते हैं। उपरिलिखित ब्रह्मासिद्धि की पक्तियों की व्याख्या करते हुए शंखपणि ने लिखा हैं– 'रजस्त्वा विशेषेऽपि यथा कतकरजो रजोऽत्तरप्रतियोगि तल्निवर्त्तक च भवति तथा अविद्यात्वा विशेषेऽपि श्रवणाद्यविद्या प्रपञ्चा विद्यायाःप्रतियोगिनी निवेतिका च भविष्यति।'

अर्थात् अन्य धूल के समान कतक फल के चूर्ण भी धूल ही रहते हैं तो भी कतकफल का चूर्ण अन्य धूलों के विरोधी एवं निवर्त्तका हैं। शंखपाणि ने यह भी लिखा हैं– 'तत्र श्रवणशाभिध्यक्ति त्रमेणविद्यानिवृत्युपायत्वमिति विवेकः। (शंखपाणि की टीका ब्रह्मकाण्ड)

अर्थात् श्रवण एवं मनन, शब्द-ब्रह्मज्ञान (परोक्षब्रह्मज्ञान) कराते हैं। ब्रह्मचर्य आदि पद से वैदक यज्ञ, दान, तप आदि सभी साधन पाप को दूर करते है एवं ध्यान तथा समाधि अद्वयब्रह्म के प्रकाश की अभिव्यक्ति करता है और उपरिलिखित सभी साधन अविद्या की निवृत्ति के उपाय हैं।

मेरे कहने का यह तात्पर्य है कि शङ्कराचार्य केवल शब्द प्रमाण से ब्रह्म का साक्षात्कारात्मक ज्ञान हो जाता है, ऐसा मानते हैं। परन्तु मण्डन मिश्र शब्द प्रमाण से ऐसा मानते हैं। मण्डन मिश्र शब्द प्रमाण से ब्रह्म का परोआत्मक ज्ञान होता है और ध्यान से ब्रह्म का प्रत्यक्षात्मक ज्ञान होता है– ऐसा मानते है। मण्डन मिश्र के भावाद्वैतवाद के अनुगामी, वाचस्पति मिश्र ने वेदान्त सूत्र के भाष्य में जहाँ-जहाँ शङ्कर ने ऐसा लिखा है कि शब्द प्रमाण से ब्रह्म का प्रत्यक्ष ज्ञान होता है वहाँ-वहाँ पर भामती में वाचस्पति ने श्रवण, मनन के पद ध्यान से ब्रह्म का प्रत्यक्षात्मक ब्रह्मजान होने की बात लिखी

हैं। कोई भी निष्पक्ष विज्ञ पाठक उपर- से समक्ष जाएगे कि वाचस्पति मिश्र शङ्कर के अनुगामी नहीं हैं, अपतु मण्डन मिश्र के अनुगामी हैं।

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि शङ्कर सम्प्रदाय में जो यह माना जाता है कि शब्द से ब्रह्म का साक्षात्करात्मक ज्ञान हो जाता है और मण्डन मिश्र के सम्प्रदाय में जो यह माना जाता है कि ध्यान से अर्थात् सुसंस्कृत मन के व्यापार से ब्रह्म का साक्षात्कारात्मक ज्ञान होता है, इस कथन में दोनों सम्प्रदायों का परम तात्पर्य नहीं हैं। क्योंकि ब्रह्म का साक्षात्कारात्मक ज्ञान किसी प्रमाण से नहीं हो सकता है। क्योंकि ब्रह्म तो 'अप्रमेमय' दोनों सम्प्रदायों में माने जाते हैं। जैसा कि वृहदारण्यक उपनिषद में कहा गया हैं– 'एकधैवा नुद्रष्टव्यं तदप्रमर्यघ्रुवं।' (वृ.उ. पंचमाध्याय, श्लोक-20)

अर्थात् ब्रह्म को एक ही प्रकार से देखना चाहिए। अर्थात् ब्रह्म की सच्चिदानन्द कहाा गया हैं। अर्थात् ब्रह्म सदूप, चित् (ज्ञानस्वरूप) एवं आनन्दस्वरूप हैं। परन्तु ये तीनों अलग जैसे प्रतीत होने पर भी वास्तविक रूप में एक ही हैं। ज्ञान अथवा आनन्द को सद्रूप से अलग नहीं किया जा सकता है। उसी तरह ज्ञान आनन्द से पृथक सत् भी नहीं हो सकता है। अतः ब्रह्म को एकही रूपे में देखना चाहिए। 'ब्रह्म अप्रेमय' अर्थात् अप्रेमय प्रमाण से सिद्ध नहीं होते हैं और वे ध्रव अर्थात् नित्य एवं स्थायी हैं। के व्यापार से जो वस्तु सिद्ध होती है वह वस्तु प्रमाण के व्यापार से पूर्व असिद्ध रहते हैं। परन्तु ब्रह्म तो प्रमाण के व्यापार से पूर्व में भी सिद्ध ही रहते हैं वे स्वतः सिद्ध हैं।

ऐसी स्थिति में जहाँ शब्द से अथवा सुसंस्कृत मन के व्यापार से ब्रह्म साक्षात्कार होने की बात कही गई है उसका तात्पर्य यह है कि उन दोनों के व्यापार से ब्रह्म का साक्षात्कर जैसा हो जाता है। ब्रह्म का ज्ञान तो उनके अपने नैसर्गिक ज्ञान से होता हैं। जैसा कि गौड़पादाचार्य ने लिखा है कि– 'अजेनाज विवुध्यते'। अर्थात् ब्रह्म के अजन्मा से ब्रह्म समझे जाते हैं। प्रमाणजन्य ज्ञान तो अजन्मा नहीं है। ब्रह्म का अपना ज्ञान से ब्रह्म समझे जाते हैं। प्रमाणजन्य ज्ञान तो अजन्मा नहीं हैं। ब्रह्म का अपना ज्ञान ही अजन्मा हैं।

अतः जीव यद्यपि ब्रह्मस्वरूप हैं, परन्तु अनादिकालीन अविद्या के आवरण के कारण जीव, अपने को ब्रह्मरूप हो जाता है और अपने ही ज्ञान

से अपना अनुभव करने लगते हैं। जैसे सूर्य अपने प्रकाश से ही साक्षात्कृत होते हैं। परन्तु मेघस्वरूप आवरण से जब उनका साक्षात्कार तिरोहित जैसा हो जाता है, आवरण हटने से सूर्य का साक्षात्कार होने लगता है। उसी तरह किसी भी प्रमाण से जीवों के आवरण हटते हैं और जीव ब्रह्मस्वरूप होकर अपने ज्ञान से ही ब्रह्मस्वरूपता का अनुभव करने लगते हैं। अतः प्रमाण के व्यापार से घटादि वस्त्र के साक्षात्कार जैसे ब्रह्म का साक्षात्कार नहीं होता हैं परन्तु आवरण हटने से ब्रह्म का साक्षात्कार होता हैं।

उपरिलिखित तथ्य को मण्डन मिश्र ने ब्रह्मसिद्धि में निम्नलिखित पंक्ति से सुस्पष्ट किया है– 'तस्मात् संवेद्यम् आत्मप्रकाशत्वात, असवेद्य च विषयवत् कर्मभावाभावात्।' अर्थात् ब्रह्म संवेद्य ज्ञेय) हैं क्योंकि ब्रह्म स्वप्रकाश हैं। अपने ही प्रकाश से समझे जाते हैं और ब्रह्म असंवेद्य(अज्ञेय) भी है क्योंकि अन्य वस्तुएँ प्रमाण के व्यापार से कर्मकारक के रूप में जैसे प्रतीत होते हैं उस तरह से ब्रह्म प्रतीत नहीं होते हैं। मण्डन का यह आशय है कि जहाँ घटादि वस्तुओं का प्रत्यक्ष होता है वहाँ ज्ञाता (जीवात्मा) नयनसहकृत मानसिक व्यापार रूप ज्ञान से कर्मकारक के रूप में घटादि वस्तुओं को प्रत्यक्ष ज्ञान करते है। इसे दूसरे शब्द में यह कह सकते हैं कि जहाँ घटादि वस्तुओं का प्रत्यक्ष होता है वहाँ प्रमांता(जीवा) प्रमाण से अर्थात् नयनसहकृत मानसिक व्यापार से प्रमेयस्वरूप घटादि वस्तुओं का प्रत्यक्ष ज्ञान करता हैं। घटादि वस्तुओं के प्रत्यक्ष ज्ञान में प्रमाण और प्रमेय तीनों अलग-अलग रहते हैं। परन्तु ब्रह्म का जब प्रत्यक्ष ज्ञान होता है, तब वहाँ प्रमाता(ब्रह्म) प्रमाण में (ब्रह्म के नैसर्गिक ज्ञान से) प्रमेय (ब्रह्मा) का ज्ञान होता हैं। अर्थात् ब्रह्म के प्रत्यक्ष के अवसर में प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय तीनों एक ही रहते हैं। यह भी कहा जा सकता है। घटादि वस्तुओं के प्रत्यक्ष ज्ञान में प्रमाता, प्रमाता (ब्रह्म) प्रमाण से (ब्रह्म के नैसर्गिक ज्ञान से) प्रमेय (ब्रह्म) का ज्ञान होता है। अर्थात् ब्रह्म के प्रत्यक्ष के अवसर में प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय तीनों एक ही रहते हैं। यह भी कहा जा सकता है कि ब्रह्म के प्रत्यक्ष की स्थिति में ज्ञाता, ज्ञान एवं ज्ञेय तीनों एक ही रहते हैं। जैसे सूर्य अपने प्रकाश से प्रकाशित होते हैं। वहाँ प्रकाशक, प्रकाश एवं प्रकाश्य तीनों सूर्य ही हैं।

मण्डन मिश्र के उपरलिखित विद्वान्त को वाचस्पति मिश्र ने भामती

में भी सुस्पष्ट किया हैं। वेदान्त सूत्र के भाष्य में शङ्कर के सामने जब यह प्रश्न आया कि अद्वैत वेदान्त में ब्रह्म से अतिरिक्त सभी वस्तुएँ मिथ्या हैं, तब मिथ्यात्मक शास्त्र से प्रतिपादित अद्वैतवाद कैसे सत्य हो सकता है। इसके उत्तर में यहाँ पर यह भी कहा जा सकता है कि आत्मा-साक्षात्कार पर्यन्त, श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन रूप, जो उपाय वर्णित हुये हैं और वेदान्त से उत्पन्न जो ब्रह्म से अतिरिक्त सभी वस्तुएँ मिथ्या हैं, तब मोक्षशास्त्र (वेदान्त) भी मिथ्या हैं। तब मिथ्यात्मक शास्त्र से प्रतिपादित अद्वैतवाद कैसे सत्य हो सकता है।

इसके उत्तर में यहाँ पर यह भी कहा जा सकता है कि आत्मा-साक्षात्कार-पर्यन्त, श्रवण, मनन एवं निदिध्यासन रूप, जो उपाय वर्णित हुये हैं और वेदान्त से उत्पन्न जो ज्ञानसमूह हैं वे सबके सब अमत्य हैं। श्रवणादि उपाय से सुसंस्कृत मन की अन्तिम वृत्ति जो ब्रह्म साक्षात्कार के कारण माने जाते हैं वह मानसिक वृत्ति भी कार्य अर्थात् अनित्य है। उसका धर्म रूक जाना अर्थात् नष्ट हो जाना है और ब्रह्म का धर्म जी ब्रह्म का साक्षात्कार है(ब्रह्म का अपना नैसर्गिक ज्ञान) वह कार्य अर्थात् अनित्य नहीं हैं। क्योंकि वह ब्रह्मसाक्षात्कार तो ब्रह्म का स्वभाव है। ब्रह्म का धर्म इसलिए यह अप्रष्टव्य है कि कैसे असत्य या सत्य की उत्पत्ति होती है। जो सत्य रहता है, वह उत्पन्न नहीं होता है। इसलिए असत्य वेदान्त वाक्य से सत्य ब्रह्म का साक्षात्कार कैसे हो सकता है? जो उत्पन्न होता है, वह सब असत्य ही है। इसलिए मानसिक वृत्तिस्वरूप ब्रह्म साक्षात्कार को परमार्थ सत्य मानकर व्यभिचार का उत्थापन किया गया हैं। अर्थात् यह प्रश्न किया गया हैं कि असत्य वेदान्त वाक्य से जो ब्रह्मसाक्षात्कार होता। वह भी अनित्य एवं गीण हैं। ब्रह्म का साक्षात्यकार तो ज्ञानस्वरूप ब्रह्म का धर्म ही हैं। उपरलिखित पंक्तियों से वाचस्पति मिश्र ने विरोधियों के खण्डन करने के खण्डन करने के अवसर में एक और शङ्कर सिद्धान्त के लिए एक नई युक्ति दे दी हैं। तो दूसरी और ब्रह्म का साक्षत्कार ब्रह्म का धर्म अर्थात् उनका ज्ञान हैं, वह तो उनका स्वभाव है अर्थात् ब्रह्म का धर्म हैं। नित्य ब्रह्म के धर्म अनित्य नहीं हो सकते हैं। ऐसा कहकर मण्डन मिश्र के 'भावाद्वैत त' का समर्थन भी कर दिया है। कहने का तात्पर्य यह है कि ब्रह्मासिद्धि में मण्डन मिश्र ने जो यह कहा कि मानसिकवृत्ति से कर्मकारक के रूप में

घटादि पदार्थ जैसे वेद्य होते हैं, वैसे, ब्रह्म-वेद्य नहीं है। परन्तु ब्रह्म ज्ञानस्वरूप अपने नित्य धर्म से सदा साक्षात्कृत होते ही रहते हैं। इसलिए ब्रह्म असम्वेद्य नहीं है, सम्वेद्य हैं। उसका समर्थन उपरलिखित भामती की पंक्तिों से वाचस्पति मिश्र ने कर दिया है।

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि शङ्कर ने स्पष्ट रूप से ब्रह्म सच्चिदानन्दस्वरूप है, ऐसा नहीं माना है और यह भी नहीं माना है कि ब्रह्म ज्ञानस्वरूप अपने धर्म से ज्ञेय होते हैं। अतः उनकी दृष्टि से ब्रह्म अज्ञेय हो जाते हैं। अतएव शङ्कर के सिद्धान्तों का खण्डन करते हुए ब्रह्मसिद्धि में मण्डन मिश्र ने कहा है कि जब तक ब्रह्म को सच्चिदानन्द का स्वरूप नहीं माना जाएगा और ब्रह्म अपने धर्म, ज्ञान से अपनी सच्चिदानन्दस्वरूपता का अनुभव नहीं करते रहेंगे तब तक ब्रह्मप्राप्ति अर्थात् मोक्ष जीवों के लिए पुरुषार्थ नहीं होगा। अर्थात् प्राप्तव्य नहीं होगा।

मण्डन मिश्र के 'भावाद्वैतवाद' का समर्थन करते हुए वाचस्पति मिश्र ने लिखा हैं– सत्य यदस्ति वस्तुतस्तत्सर्वथा सर्वदा सर्वात्मना निर्वचनीयेन रूपेणास्त्मेव न नास्ति, यथा, प्रत्यगात्मा। यत्तु क्वचित् कथचित् केनचिदात्मनाऽस्तीतयुच्चते यथा प्रपञ्चः तद्वयबहारतो नतु परमार्थतः तस्य विचा सिहत्वात'।

(2/2/33 ब्रह्मसूत्र की भामती)

सत्य जो है वस्तुतः वह सर्वथा, सभी समय में, सभी स्थानों में, सभी रूप से निर्वचनीय रूप में रहते ही हैं। जैसे प्रत्यगात्मा अर्थात् ब्रह्म और जो कहीं किसी समय में किसी रूप से रहते हैं, जैसे प्रपञ्च (विश्व)। व्यवहार के लिए उसका अस्तित्त्व है। परमार्थ रूप से उसका अस्तित्त्व नहीं है। क्योंकि प्रपञ्च सत हैं अथवा असत हैं ऐसे विचार को सहन नहीं कर सकता हैं। अर्थात् प्रपंच को सत अथवा असत् इनमें से कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि मण्डन मिश्र ने ब्रह्म दोनों की अनिर्वचनीय मान लिया है। शङ्कर ब्रह्म को निर्विशेष एवं अवाङमनसगोचर मानते हैं– 'निर्विशेष ब्रह्म वाक्यशेषं...वाङमनसयोरगोचरत्वाभिधानात्' (द्रष्टव्य 1-1-19 का ब्रह्मसूत्र शा.शा। ब्रह्म में किसी तरह की विशेषता नहीं हैं, उनमें सत् एवं असत् नहीं हो उसे ही वेदान्त में अनिवर्चनीय कहा गया हैं। (गौड़पाद की 83-84 की कारिका के ऊपर शङ्कर भाष्य।) यहाँ वाचस्पति ने

मण्डन मिश्र के पक्ष का समर्थन किया है।

1/1/19 ब्रह्मसूत्र की भामती में लिखा है– 'रजत हि समारोपितं न शुक्तो भिद्यते। नहि तद्भेदेनाभेदेन वा शर्क्य निर्वाक्तुम्। शुक्तिस्तु परमार्थसती निर्वचनीया अनिर्वचनीयाद्रजताद्विद्यत एव।'

कभी कभी शुक्तिका (सीप) में चाँदी का भ्रम हो जाता हैं। वाचस्पति मिश्र ने लिखा है कि सीप में अर्थात् शुक्तिका में समारोपित अर्थात् भ्रमात्मक प्रतीति रजत (चाँदी शुक्ति से भिन्न नहीं है। भ्रमात्मक प्रतीति रजत, शुक्ति से भिन्न है। अथवा अभिन्न है, कुछ नहीं कहा जा सकता। अतः चाँदी अनिर्वचनीय है। परन्तु शुक्ति अर्थात् सीप परमार्थ रूप से सत् है अतः वह निर्वचनीय है। आरोपित रजत के समान सीप अनिर्वचनीय नहीं है। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि शङ्कर एवं मण्डन दोनों अद्वैत वेदान्ती और मायावादी हैं। सर्प की भ्रमात्मक प्रतीति होती है उसी तरह ब्रह्म में संसार की प्रतीति और रज्जु में सर्प भ्रमात्मक प्रतीति होती है उसी तरह ब्रह्म में संसार की प्रतीति होती हैं। संसार की वास्तविक सत्ता नहीं है। वाचस्पति ने यहाँ मण्डन मिश्र के पक्ष का समर्थन किया है। क्योंकि उन्होंने भ्रमात्मक रजत को अनिर्वचनीय और भ्रमात्मक वस्तु के आधार को निर्वचनीय माना हैं।

2/1/14 वेदान्त सूत्र के भाष्य में वाचस्पति मिश्र ने लिखा हैं– 'ये हि दृष्ट नष्ट स्वरूपा न ते वस्तुसनतोयथामृग तृष्णिकोदकादयः तथा च सर्व विकारजासं तस्मादवस्तुसत्। तथाहि यदस्ति तदत्येव यथा चिदात्मा। नहासौ कदाचित् क्वाचित् कथंचिद्वास्ति, किन्तु सर्वदा सर्वत्र सर्वयाऽस्त्येव, न नास्ति। न चैवं विकार जातम्, तस्य कदाचित् कथांचित् कुत्राचिदवस्थानात्।'

अर्थात् जो दृष्ट नष्टस्वरूप है अर्थात् देखा गया और नष्ट हो गया, वे वास्तविक सत्य नहीं है। जैसे मृगतृष्णा का जल रज्जु सर्प आदि। उसी तरह से प्रपञ्च वास्तविक सत्य नहीं हैं। अर्थात् ओ रहता है वह सदा रहता है. जैसे ब्रह्म। ब्रह्म किसी समय में, कहीं पर, किसी रूप में नहीं रहते हैं। प्रत्युत सभी काल में साभी स्थानों में सभी तरह से रहते ही हैं। वे किसी रूप में वही नहीं रहते हैं। विकारोत्पन्न विश्व हैं। वह किसी समय में किसी रूप से कही पर रहता हैं। इसलिए वह वास्तविक नित्य नहीं हैं। यहाँ पर भी वाचस्पति मिश्र ने मण्डन मिश्र के पक्ष का समर्थन किया है।

2/3/7 बह्मसूत्र की भामती में वाचस्पति मिश्र ने लिखा हैं– 'यत्खलु सत्स्वभावमनुभवसिद्ध' तस्यानिर्वचनीयत्वमन्यतो वाद्यकादवसातव्यम्। बाधकं च घटादीनरां स्वभावाद्विचलन प्रमाणोपनीतम्। यस्स तु न तदस्त्यात्मनो न तस्य सत्कल्पन युक्तम् अवाधितानुभवसिद्धस्य सत्स्वभावास्यानिर्वचीनयत्वकलपनाप्रमाण।'

कभी कभी शुक्तिका (सीप) में चाँदी का भ्रम हो जाता है। वाचस्पति मिश्र ने लिखा है कि सीप में अर्थात् शुक्तिका में समरोपित अर्थात् भ्रमात्मक प्रतीति रजत (चाँदी शुक्ति से मिश्र नहीं हैं भ्रमात्मक प्रतीति रजत, शुक्ति से भिन्न हैं। अथवा अभिन्न हैं, कुछ नहीं कहा जा सकता। अतः चाँदी अनिर्वचनीय है। परन्तु शुक्ति अर्थात् सीप परमार्थ रूप से सत् है अतः वह निर्वेचनीय है। आरोपित रजत के समान सीप अनिर्वचनीय नहीं हैं। यहाँ यह ज्ञातव्य है कि शङ्कर एवं मण्डन दोनों अद्वैत वेदान्ती और मायावादी हूँ। मायावादी यह मानते हैं कि जैसे शुक्ति में रजत की भ्रमात्मक प्रतीति और रज्जु में सर्प की भ्रमात्मक प्रतीति होती हैं उसी तरह ब्रह्म में संसार की प्रतीति होती हैं। संसार की वास्तविक सत्ता नहीं हैं। वाचस्पति ने यहाँ मण्डन मिश्र के पक्ष का समर्थन किया हैं। क्योंकि उन्होंने भ्रमात्मक रजत को अनिर्वचनीय और भ्रमत्मक वस्तु के आधार को निर्वचनीय माना हैं।

2/1/14 वेदान्त सूत्र के भाष्य में वाचस्पति मिश्र ने लिखा हैं– 'ये हि दृष्ट नष्ट स्वरूपा न ते वसतुसनतोयथामृग तृष्णिकोदकादयः तथा च सर्व विकारजाते कथंचिद्वास्ति, किन्तु सर्वदा सर्वत्र सर्वथाऽस्त्येव, न नास्ति। न चैव विकार जातम्, तस्य कदाचित् कथांचित् कुत्राचिदवस्थानात्।'

अर्थात् जो दृष्ट नष्टस्वरूप हैं अर्थात् देखा गया और नष्ट हो गया, वे वास्तविक सत्य नहीं हैं। जैसे मृगतृष्णा का जल रज्जु सर्प आदि। उसी तरह से प्रपञ्च वास्तविक सत्य नहीं है। अर्थात् जो रहता है वह सदा रहता है. जैसे ब्रह्म। ब्रह्म किसी समय में, कहीं पर, किसी रूप में नही रहते हें। प्रत्युत सभी काल में सभी स्थानों में, सभी तरह से रहते ही हैं। वे किसी रूप में वही नही रहते हैं। विकारोत्पन्न विश्व हैं। वह किसी समय में किसी रूप से कहीं पर रहता हैं। इसलिए वह वास्तविक नित्य नहीं हैं। यहाँ पर भी वाचस्पति मिश्र ने मण्डन मिश्र के पक्ष का समर्थन किया है।

2/3/7 ब्रह्मसूत्र की भामती में वाचस्पति मिश्र ने लिखा है–

'यत्खलु सत्स्वभावमनुभवसिद्ध' तस्यानिर्वचनीयत्मन्यतों वाद्यकादवसातथ्यम्। बाधक च घटादीनां स्वभावाद्विचलन प्रमाणोपनीतम्। यस्य तु न तदस्त्यात्मनो न तस्य तत्कल्पन युक्तम् आवधितनुवसिद्धस्थ सत्स्वभावास्यानिर्वचनीयत्वकल्पनाप्रमाणभावात्।'

अर्थात् अनुभवसिद्ध जिसका सत् स्वभाव रहता है उसके बाधक रहने पर वह वस्तु अनिर्वचनीय माना जाता है। जैसे घट आदि पदार्थ अपने स्वभाव से विचलित हो जाते हैं। अर्थात् प्रतिक्षण क्षय होते हुए नष्ट हो जाते हैं। आत्मा तो प्रतिक्षण जैसे के तैसे रहते हैं। इसलिए उसे अनिर्वचनीय मानना ठीक नहीं हैं। आत्मा का अबाधित स्वरूप अर्थात् उसकी एकरूपता अनुभवसिद्ध है। अतः सद्रूष ब्रह्म की अनिर्वचनीयता की कल्पना प्रामाणिक नहीं है। अर्थात् शरीर बदलते रहते हैं यह अनुभवसिद्ध है। परन्तु आत्मा बदलती रहती है यह अनुभवसिद्ध नहीं है। इसलिए जो बदलती रहती है वह अनिर्वचनीय हैं। जो नहीं बदलती है अर्थात् आत्मा वह निर्वचनीय है। शरीर प्रतिक्षण बदलते रहते हैं और आत्मा नहीं बदलती है। इसे सिद्ध करने के लिए 1/1/1 ब्रह्मसूत्र की भामती में लिखा है कि 'योऽहं वाल्ये पितरामन्वभवं स एव स्थाविरे प्रणप्तूननुभनवामौति प्रतिसंधान त भवेत् नहि वालरथविरयोः शरीरयोरस्ति मनागपि प्रत्यभिज्ञानगन्धो येनैकत्वमध्यवसीयेत।

अर्थात् बाल्यावस्था में जो मैंने माता-पिता का अनुभव किया था वही मैं वृद्धावस्था में प्रपौत्र आदि का अनुभव करता हूँ। यदि शरीर के समान आत्मना भी बदलती रहती, अर्थात् सदा एक रूप नहीं रहती तो उस लिखित अनुभव की प्रतीति नहीं होती। इसलिए जो बदलती रहती हैं उसी की मृत्यु होती है। जो नहीं बदलती हैं उसकी मृत्यु नहीं होती है।

उपरलिखित पंक्तियों से भी वाचस्पति मिश्र ने मण्डन मिश्र के भावाद्वैतवाद अथवा ब्रह्मानिर्वचनीयतावाद का समर्थन किया है।

1/1/4 ब्रह्मसूत्र के भाष्य में ब्रह्म के स्वरूप का वर्णन करते हुए शङ्कराचार्य ने लिखा है– 'इदं तु परामार्थिक कूटस्थनित्यं व्योमवत्सर्वव्यापि सर्वविकियारहितं नित्यतृप्तं निखयवंस्वयं ज्योतिः स्वभावम्।'

अर्थात् ब्रह्म तो पारमर्थिक है, अर्थात् वास्तविक हैं। कूटस्थ(नेहाय, जिसके ऊपर लुहार खुरपी आदि पीटते हैं। खुरपी आदि जैसे के तैसे नहीं रहते हैं और कूट (नेहाय) अधिकारी हैं। वैसे ही ब्रह्म अविकारी हैं। आकाश

के समान ब्रह्म सर्वव्यापी, सभी तरह के रूपान्तर मे रहित नित्य तृप्त, निवयव और ज्योतिस्वरूप हैं। नित्यतृप्त की व्याख्या करते हुये वाचस्पति मिश्र ने लिखा है– 'तृप्त्या दुख रहित सुखमुपलक्षयति। सुददुखं निवृत्तिसहितम् हि सुखम् तृप्तिः।'

अर्थात् तृप्ति पद से दुख रहित ब्रह्म सुखस्वरूप है ऐसा सूचित होता है। भूख की निवृत्ति के साथ सुख की प्राप्ति होने पर ही तृप्ति मानी जाती हैं। वाचस्पति मिश्र का यहाँ पर यह आशय हैं कि भूखा व्यक्ति जैसा-तैसा भी भोजन कर ले' तो उसकी भूख की (दुःख की) निवृत्ति हो जाती हैं। परन्तु उसे तृप्ति नहीं होती हैं। यदि खाने के लिए उत्तमोत्तम भोजन मिले, तभी भूख (दुख) की निवृत्ति के साथ सुख की प्राप्ति होती हैं। वही तृप्ति मानी जाती हैं। अतः नित्य तृप्ति से ब्रह्म दुखाभाव के साथ सुखस्वरूप हैं। यह शङ्कर का आशय हैं। परन्तु यह तो शङ्कर का आशय नहीं हैं। मण्डन का सिद्धान्त है। यह वर्णित हो चुका है। स्वयं ज्योतिः की व्याख्या करते हुए वाचस्पति मिश्र ने लिखा हैं– 'सुखं चाप्रती यमानं न पुरुषार्थ इत्यतआह स्वयंज्योतिरिति।

अर्थात ब्रह्म प्राप्तव्य नहीं हो सकते हैं और मोक्ष पुरुषार्थ नहीं हो सकता है। विज्ञ व्यक्तियों को यह समझना चाहिए कि दुख रहित भावात्मक सुखस्वरूप ब्रह्म है यह शङ्कर का सिद्धान्त नहीं हैं, अपितु मण्डन का सिद्धान्त है। साथ ही अपने ज्ञान से आनन्द की प्रतिति ब्रह्म को एवं मुक्त जीव को होती रहती हूँ। यह मण्डन का सिद्धान्त है। अपने बुद्धि-वैभव से वाचस्पति मिश्र ने शङ्कर की पंक्तियों से भी मण्डन के सिद्धान्त को समर्थित किया है। मण्डन एवं वाचस्पति मिश्र का सिद्धान्त बहुत ही तर्कयुक्त को समर्थित किया है। मण्डन एवं वाचस्पति मिश्र का सिद्धान्त बहुत ही तर्कयुक्त है। ज्ञान एवं सुख अप्रतीत हो ही नहीं सकते हैं। जब कभी ज्ञान कभी ज्ञान एवं सुखों के अनुभव होते हैं तब उनकी प्रतीत नहीं होगी ऐसी बात होती ही नहीं है। यह बात सभी लोगों के समझने योग्य है। अतः वाचस्पति मिश्र ने शङ्कर भाष्य की व्याख्या भामती में भी मण्डन मिश्र के अद्वैत वेदान्त की अर्थात् भावाद्वैतवाद को प्रायः सर्वत्र समर्थन किया है। विस्तृत रूप से इसका उल्लेख करना एक स्वतंत्र पुस्तक में ही समर्थन किया है। विस्तृत रूप से इसका उल्लेख करना एक स्वतंत्र पुस्तक में ही सम्भव

हो सकता है।

यहाँ मैंने भामती की कतिपय पंक्तियों से यह सिद्ध किया है कि वाचस्पति ने शङ्करभाष्य की व्याख्या में भी मण्डन के सिद्धान्त का ही समर्थन किया है। वाचस्पति मिश्र ने ब्रह्मसिद्धि पर ब्रह्मतत्त्वसमीक्षा नाम की व्याख्या लिखी थी। जिसका उल्लेख वाचस्पति मिश्र ने अपने कई ग्रन्थों में किया है। तथा भामती के व्याख्याकार शङ्कर सम्प्रदाय के संन्यासी अद्वैतवेदान्ती ने ब्रह्मतत्त्वसमीक्षा की कुछ पंक्तियों का भी उल्लेख किया है। परन्तु दुर्भाग्य से, साथ ही मिथिलावासियों के परम दुर्भाग्य से ब्रह्मतत्त्व समीक्षा अनुपलब्ध हो गई। यदि वाचस्पति की वह व्याख्या उपलब्ध होती तो उसके अध्ययन से मण्डन मिश्र के सिद्धान्तों का कितना समर्थन मिलता यह अवर्णनीय है। परन्तु मिथिलावासियों के सौभाग्य से भामती में भी मण्डन के अद्वैत वेदान्तों के सिद्धान्त प्रचूर मात्रा में सशक्त समथित देखने को मिलते हैं। दुर्भाग्यवश विलम्ब से ब्रह्मसिद्धि के प्रकाशन होने तथा परीक्षा में सम्मिलेन नहीं होने के कारण कुछ शताब्दियों से ब्रह्मासिद्धि के अध्ययनर एवं अध्यापन अवरूद्ध हो गये। साथ ही ब्रह्मसिद्धि के अवलोकल नहीं करने से भामती में वाचस्पति ने अपनी उनेक पक्तियों से ब्रह्मसिद्धि के अवलोकन नहीं करने से भामती में वाचस्पति ने अपनी अनेक पक्तियों से ब्रह्मसिद्धि का जो समर्थन किया है यह बात भी ओझल हो गई।

दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि भामती की अनेक पंक्तियों के....तात्पर्य समझने में बड़े-बड़े विद्वान भी असमर्थ हो गये। यह उनका दोष नहीं है। ब्रह्मसिद्धि को नहीं देखने के कारण वाचस्पति भी भामती की अनेक पक्तियों के तात्पर्य उनलोगों की दृष्टि से ओझल हो गई। अब जबकि ब्रह्मसिद्धि उपलब्ध हो गई हैं, तो इसकी बड़ी उपेक्षा है कि जिन विद्वानों को वेदान्त एवं भामती का अध्ययन है, वे ब्रह्मसिद्धि के साथ भामती का अध्ययन करें, जिससे उन्हें ज्ञात हो सके कि ब्रह्मसिद्धि से समर्थित भामती की कितनी पंक्तियों हैं।

मैथिल वेदान्तियों के लिए तो यह परम कर्त्तव्य है कि ब्रह्मसिद्धि के सिद्धान्तों के समर्थक भामती की पंक्तियों का यथार्थभाव पत्र-पत्रिकाओं के द्वारा अथवा छोटी पुस्तकों के द्वारा समाज के सामने उपस्थिति करें जिससे विदेहभूमि के अद्वैत वेदान्त, अर्थात् मण्डन- वाचस्पति के अद्वैत

वेदान्त, अर्थात् मण्डन-वाचस्पति के अद्वैत वेदान्त सुस्पष्ट रूप से उपस्थिति हो सके।

मण्डन मिश्र की अंतः यात्रा

—आचार्य धीरज

(मण्डन मीमांसकक संग वेदान्ती सेहो छलाह। सकामवादी आ अनीश्वरवादी छलाह। सकाम दार्शनिक आ व्यवहारवादी छलाह। ज्ञान-मार्गी (कर्मकाण्ड-विरोधी) छलाह, कर्मवाद-समर्थक छलाह, शङ्करक अद्वैत भ' भिन्न भइयो क' अपना तरहक विशिष्ट अद्वैत-वेदान्ती छलाह, अविद्या-विरोधी आ विद्या-समर्थक छलाह। गृहस्थ-योगी आ कर्मयोगी छलाह। ईश्वरीय सत्त केँ नासकार करैत, भौतिकवाद (अति नहि) केँ यात्रा केलनि। मुदा भौतिकवादी— 'कर्मकाण्डवादक' खण्डन करैत ओ जगतवाद सँ ब्रह्मवाद धरिक अपन अन्तः यात्रा पूर्ण करैत छथि।

अपन उपर्युक्त दार्शनिक अवधारणाक आधार पर मण्डनक जीवन आ दर्शनक अन्तः यात्राक विशद विश्लेषण आ समाख्यान प्रस्तुत केलनि अछि आचार्य धीरज (मैथिली साहित्य आ शिक्षण-क्षेत्रक प्रो रामचैतन्य धीरज)। मिथिलाक दार्शनिक परम्परा आ ऐतिहासिक विश्लेषण केँ हिनक सँ पैघ अपेक्षा छैक।— सम्पादक)

मण्डन और शङ्करचार्य के शासत्रार्थ की दन्तकथा कौन नहीं जानता? माधवाचार्यकृत 'शङ्कर दिग्विजय' को ऐतिहासिक साम्रगी मानकर इतिहास का निर्माण किया जाता रहा है। न सिर्फ दार्शनिक तथ्य के दृष्टिकोण से बल्कि स्थल इतिहास- दृष्टि से भी अनेक प्रश्न खड़े होते हैं। मीमांसा दर्शन अनीश्वरवादी दर्शन है और वैदिक श्रुति कर्मकाण्ड इसका व्यावहारिक समाजशास्त्र हैं। मण्डन मिश्र को अभी तक एक मीमांसाक के रूप में प्रस्तुत कर उनके जगतवादी स्वतः प्रामाणिकता के दृष्टिकोण को ही प्रस्तुत किया जाता रहा है, जबकि मण्डन मिश्र 'ब्रह्मसिद्धि' के रचनाकार में ईश्वरवादी दृष्टिकोण का जो वेदान्त प्रमाण मिलता है, वह इन्हें शङ्कराचार्य के समीप लाकर रख देता हैं। इससे सहज ही यह प्रश्न उभर कर आता है कि क्या मण्डन भिन्न सिर्फ मीमांसक ही थे या वेदान्ती भी। अगर वे वेदान्ती थे, जैसा कि 'ब्रह्मसिद्धि' से ज्ञात होता है, तो माधवाचार्य ने अपने 'शङ्कर- दिग्विजय' में इसकी सूचना क्यों नहीं दी? प्रो. एलेन राइट थ्रसेर ने

'अद्वैत वेदान्त ऑफ ब्रह्मसिद्धि' लिखकर हमारे समक्ष मण्डन मिश्र का वेदान्ती होने का प्रमाण भी छोड़ दिया हैं, फिर शुद्ध जगतवादी या भौतिकवादी दार्शनिक के रूप में इन्हें क्यों प्रस्तुत किया गया है– यह तथ्य विचारणीय हैं।

मैं इस प्रश्न से विषय की और प्रस्थान करना चाहता हूँ कि क्या मण्डन मिश्र अनीश्रवरवादी थे? यह जगजाहिर है कि वैदिक धर्म दर्शन, ज्ञान मार्ग एवं कर्मकाण्ड मार्ग में विभक्त है। कर्मकाण्ड मार्ग जगत या प्रकृतिकवादी है, वैदिक कर्मकाण्ड का आधार दर्शन सांख्या, न्याय और मीमांसा है। चूँकि ये दर्शन वेदान्त को अप्रमाण मानते हैं, इसलिए इन्हें अनीश्वरवाद कहा गया है। प्रकृति और ब्रह्म में विरोध दिखलाने के लिए ही 'आ या 'अन' उपसर्ग का प्रयोग किया जाता है। सुर में 'अ' उपसर्ग लगाने से असुर, आर्य तथा ईश्वर में 'अन' उपसर्ग लगाने से अनार्य तथा अनीश्वर होता है। प्रकृतिवादी या जगतवादी ईश्वर की सत्ता को नहीं मानते। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में जगतवादी दृष्टिकोण के सन्दर्भ को स्पष्ट करते हुए कहा हैं। कि अनीश्वरवादी असत्य अप्रतिष्ठ जगत को ही श्रेष्ठ मानते। इनके अनुसार जगत की उत्पत्ति प्रकृति और पुरुष के संयोग से हुआ है, इसलिए 'काम' को ही जगत का कारण क्यों नहीं माना जाएगा?

असत्यमप्रतिष्ठ' ते जगदाहुरनीश्वरम्।
अपरस्पर संभूत किमन्यत्काम हैतुकम्।। (अ– 16/8)

चूँकि ये 'काम' की प्राप्ति के लिए ही कर्मकाण्ड या ज्ञानुष्ठान करते, इस लिए इसे सकाम मार्ग भी कहा गया हैं। सकाम मार्गी या अनीश्वरवादी वेदान्त को प्रमाण नहीं मानते। 'शङ्कर-दिग्विजय' ग्रन्थ के सूत्रध ार ने मण्डन मिश्र को द्वैतवादी मीमांसाक के रूप में प्रस्तुत कर मण्डन मिश्र द्वारा कहलवाया है कि– 'वेदान्ताः न प्रमाणम'। यह अलग बात है कि यह वाक्य मण्डन मिश्र के सन्दर्भ में सच नहीं है, क्योंकि 'ब्रह्मसिद्धि' में मण्डन मिश्र वेदान्त को प्रमाण मानकर ही प्रसिद्ध मीमांसाक प्रभाकर मिश्र एवं उनके अनुयायी के मतों का खण्डन करते दृष्टिगत होते हैं। अस्तु वेदान्त को जो प्रमाण माने वह ब्रह्मवाद एवं भौतिकवाद का रहा है। मण्डन मिर ने अपनी दार्शनिक यात्रा भौतिकवाद से लेकर आत्मवाद तक किया हैं। जहाँ 'विधि- विवेक', 'भावना-विवेक' में इनकी अर्न्तदृष्टि मीमांसामूलक हैं,

वहीं 'ब्रह्मसिद्धि' में वेदान्तमूलक।

भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन के युद्ध से पलायन करने पर, जो उपदेश दिया हैं, उसमें अनार्य कौरवों के लिए आया है– 'अनार्यजुष्टमसवर्म्यमकीर्तिकरमर्जु'न' एवं इसके प्रभाव में आने से रोकते हुए अपने विचार का अनुगामी होने को कहा हैं– 'क्लैव्यं मास्मगमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते।' और वह सर्वविदित है कि भगवान श्रीकृष्ण परमात्मवादी धर्म दार्शनिक अवतार हैं। अर्जुन ने भी– 'कथं भीष्ममहं संख्ये द्रोणं च मधुसूदन'– कहकर यह स्पष्ट या प्रकृतिवादी धर्म का निषेध गीता के द्वितीय अध्याय में श्रीकृष्ण करते दृष्टिगत होते हैं तथा विधि-विकल्प में इन्होंने सकामवाद के विरूद्ध निष्काम ज्ञान मार्ग एवं कर्मयोग की स्मृति परम्परा को स्थापित करते दृष्टिगत होते हैं। अस्तुः ईश्वरवाद एवं अनीश्वरवाद का अर्न्तविरोध ही वैदिक दर्शन का अन्तविरोध है। मीमांसा दर्शन अनीश्वरवादी है, इसलिए मीमांसक मण्डन मिश्र अनीश्वरवादी ही समझे जायेगे।

वैसे अनीश्वरवादी कर्मकाण्ड मार्ग का ऐतिहासिक संगति वेद विहित है, लेकिन विकासकाल में इसका सम्बन्ध तंत्र मार्ग से ही होता है। मीमांसा तंत्रवार्तिक के न्यायसुधा टीका में कहा गया है कि–

उमानंदनमाराध्य शारदामीश्वरं गुरूम।
कुत्स्नशास्त्र प्रयोदेन व्याख्यासये तंत्रवातिकम।।

इसमें प्रमाणित होता है कि कुमारिल भट्ट का मीमांसा तंत्रवार्तिक कुत्स्नशास्त्र की ही परम्परा में हूँ। कुत्स्नशास्त्र है क्या? वस्तुतः कर्मकण्ड का आधार दर्शन काशकुत्स्न का षष्ठीतंत्र हैं। ईश्वर कृष्ण ने सांख्यकारिका का निर्माण 'पष्ठितंत्र' के आधार पर ही किया है। ईश्वर कृष्ण ने सांख्यासूत्र के अन्तिम कारिका में 'कुत्स्नसय षष्ठितंत्रस्य आख्यायिका विरहिता...' लिखकर प्रमाण छोड़ दिया है कि 'षष्ठितंत्र' कुत्स्न का है। स्वयं पाणिनी ने कहा है कि जिस अक्षर दर्शन या विज्ञान का ज्ञान महेश्वर द्वारा स्थापित किया गया और जिसे कुत्स्न ने व्याकरण रूप में कहा, उन्हें पाणिनी का नमस्कार है। वोपदेव ने जिन आठ शाब्दिकों का नामोल्लिख किया हूँ, उसमें काशकृत्स्न का नाम महत्त्वपूर्ण है। मण्डन मिश्र स्वयं शाब्दिक थे, जिन्होंने इसी परम्परा में व्याकरण और भाषा विज्ञान में स्फोटवाद का प्रयोग किया था। महर्षि

याज्ञवल्क्य ने भी वृहदारण्यक में कृत्स्नशास्त्र का ही खण्डन किया है। (वृ. उ- 1/4/7) वृहदारण्यक के शांकरभाष्य में ब्रह्म विषयक तथ्यान्तर्गत उपासना और वैदिक विधि से शङ्कर समाधान किया जाता है तो—'यथा च कृत्स्नस्य दर्शपूर्ण मासादि प्रकरणस्य दर्शपूर्णं- मासादि विष्युद्देशत्वेनोपयः'— के द्वारा सिद्ध किया जाता है कि कृत्स्न का तंत्र विधि और प्रयोजन हेतु यजन कर्म को स्थान देता है। स्वर्ग की कामना वाले दर्शपूर्णमासयज्ञों द्वारा यजन करें। यहाँ विधि वाक्य दर्शपूर्णमास याग द्वारा यजन करें एवं प्रयोजन वाक्य-'स्वर्ग की कामना है'। जैमिनी के मीमांसा दर्शन में 'अया तो धर्म जिज्ञासा' की वैधानिक महत्ता इसी परम्परा में है। धर्म के लिए विधि और प्रयोजन यानी फल को ही आधार माना गया है। ब्रह्मसूत्रकार मर्हिष वादरायण ने काशकृत्स्न का उल्लेख प्रकृतिवादी दार्शानिक के रूप में किया हैं— जैमिनी के मीमांसा दर्शन में 'अया तो धर्म जिज्ञासा8 की वैधानिक महत्ता इसी परम्परा में है। धर्म के लिए विधि और प्रयोजन यानी फल को ही आधार माना गया हैं। ब्रह्मसूत्रकार महर्षि वादरायण ने काशकृत्स्न का उल्लेख प्रकृतिवादी दार्शनिक के रूप में किया है— 'अवस्थितेरिति काशकृत्स्नः' इस सूत्र की व्याख्या मूल प्रकृति प्रधान से किया गया है, जो सांख्यकारिका और 'षष्ठितंत्र' का विषय हैं। मीमांसा तंत्रवार्तिक में कुमारिल भट्ट ने लिखा है कि सम्पूर्ण रूप से वैदिक धर्म सिद्ध प्रमाण भाव ही है, जिसे आधुनिक प्रयोग में 'विध्यर्यवाद' कहा जाता आर्थत विधि और प्रयोजनवाद—

सिद्ध प्रमाणाभावस्य धर्मेवेदस्य सर्वशः।
विध्यर्यवाद मन्त्राणामुपयोगोऽधुनोच्यते।।

'विधि विवेक' न्यायकणिका में लिखा गया हैं—

प्रमाणत्वादनियममात्प्रवृतेंः संविदाश्रयात्।
समभिव्याहृतेः शब्दो न विधिः कार्य कल्पनात्।।

इस विचार के आधार पर ही मण्डन मिश्र ने याग कर्म के द्वारा ही स्वर्ग प्राप्ति की बात कही है—

तदेवं भावनार्थत्वादाख्यान प्रत्ययस्यहि।
यागेन भावयेन स्वर्गमित्र्यः शब्दनिर्मित।। (भावना-विवेक)

अस्तु, प्रमाणित होता है कि जैमिनी के मीमांसा दर्शन के धर्म की व्याख्या (चोदनाक्षणार्थे धर्मः) विधि और प्रयोजनसिद्ध कर्मकाण्ड है, जो

काशकृत्स्नशास्त्र 'षष्टितंत्र' की परम्परा में एवं अनीश्वरवादी दर्शन के अनुरूप है। मण्डन मिश्र इस दार्शनिक परम्परा के प्रवक्ता जब तक रहे, तब तक इन्हें कर्मकाण्डी, अनीश्वरवादी कहा ही जाएगा।

महत्त्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि भौतिकवादी सकाम मार्ग की कामनाओं का चरमोद्येश्य स्वर्ग-प्राप्ति तक सीमित है। स्वर्ग सुख ध्येय ही उनका यजन कर्म सिद्ध प्रमाण है। ध्यान रहे कि भारतीय महाकाव्य, इतिहास पुराण में स्वर्ग को देवताओं की राजधानी कहा गया है। जैसे कैलाश, अमरावती आदि। जबकि अध्यात्मवादी निष्काम मार्ग कर्त्तव्य कर्म के द्वारा ब्रह्म और ईश्वर की प्राप्ति को ही श्रेष्ठ मानता है। गीता में भी वेदवादी कर्मकाण्ड के उद्देश्य पर दृष्टिपात किया गया है–

यामिमां पुष्पितां वाचं प्रवदन्त्यविपश्चितः।
वेदवादरताः पार्थ नान्यदस्तीतिवादिनः।।
कामात्मनः स्वर्गापरा जन्मकर्मफलप्रदास।
क्रिया विशेष बहुलां भौगैश्वर्यगति प्रति।।

स्पष्ट है कि सकामी का यजनकर्म स्वर्ग प्राप्ति भोग एवं ऐश्वर्य के लिए ही अनेकों प्रकार की विधि-क्रियोओं से भरा पड़ा है। यही कारण है कि श्रीकृष्ण इसके निम्न कर्म कहते अर्जुन को ज्ञान मार्ग या बुद्धि योग में जाने का उपदेश करते हैं–

दूरेण ह्यवरं कर्म बुद्धियोगा धनंजय।
बुद्धौ शरणंन्विच्छ कृपणाः फल हेतवः।।

इस तरह वैदिक कर्मकाण्ड का विरोध होता आ रहा है। मण्डन मिश्र मीमांसा व्यवहारवाद तक ही सीमित रहे? अगर यह सच होता तो जैमिनी दर्शन, जिस वेदान्त को अप्रमाण कहना; उसे इन्होंनं प्रमाण कर विध्यर्थ या कर्मकाण्ड का खण्डन कर ब्रह्मवादी विकल्प नहीं दिया होता। इन्होंने ब्रह्मवादी विकल्प नहीं दिया होता। इन्होंने ब्रह्म अववोघ के लिए जिस विकल्प को प्रस्तुत किया है वह किसी विधि प्रयोजन का अनुगामी नहीं, बल्कि शब्द, ध्यान और आत्मसाक्षात्कार की विशिष्ट अवचेतना है। प्रयमतः इन्होंने शब्द ब्रह्म अववोद्य की बात कही है जो वेदान्त वाक्य सुनने से होता है, द्वितीय ध्यान एवं उपासना काल का ब्रह्म अवबोध एवं तृतीय ब्रह्मसाक्षात्कार की अवस्था, जिसके द्वारा संकल्प–विकल्प का अस्तित्त्व

समाप्त हो जाता– 'तिस्त्रश्च प्रतिपत्तयो ब्रह्मणि, प्रथमा तावच्छव्दात् अन्याशब्दान्प्रतिपद्य तत्सन्तानवती ध्यानमाविनोपासनादि शब्दवाच्या, अन्त्यातु ततोलब्ध निष्पत्तिविगलितनिखिल विकल्पा साक्षात्करणरूपा।'

आत्मसाक्षात्कार की प्रक्रिया परिकल्पना में इन्होंने प्रत्यक्ष और परोक्षानुभूति के तत्त्वज्ञान को रेखांकित करते हुए लिखा है कि ब्रह्मअववोद्य का प्रथम सोपान शब्द ब्रह्म अववोध परोक्षानुभूति है, क्योंकि इनमें प्रत्यक्षानुभूति नहीं होने के कारण अविद्य। जनित सांसारिक प्रत्यक्ष भ्रम दूर नहीं हो सकता है। प्रत्यक्ष भ्रम उसी समय दूर होगा। जब ब्रह्म की प्रत्पक्षानुभूति हो और इसके लिए उपासना की आवश्यकता है– 'शब्ददेव तस्योत्पत्तेः किमर्थमुपासनादि? उच्येते परोक्ष रूप शब्दज्ञानम् प्रत्यक्ष रूपः प्रपञ्चाभासः...। शब्दे तु प्रमाणाधीनं क्षणिकं ज्ञानम तत्र विषर्ययावकाशः.। तस्माज्जातेऽपि प्रमाणात् तत्त्वदर्शने अनादि मिथ्या दर्शनाभ्यासपरिनिष्पन्नय द्रढ़ीयसः संस्कारस्याभि-भवायोच्छेदाय वा तत्त्वदर्शनाभ्यास मन्यनते। तथा च 'मन्तव्यो निदिध्यासितव्य; इत्युच्यते, शमदमब्रह्मचर्ययज्ञादिसाधन विधानञ्च अन्यथा कतस्तदुप देशार्थः।'

मण्डन मिश्र का मत है कि प्रत्यक्ष ब्रह्म अवबोध के साथ अविद्या का भ्रम नहीं रह सकता है। इसका यह तर्क इसलिए वैज्ञानिक लगता हे कि परोक्ष ब्रह्म अवबोध में ब्रह्म का साक्षात्कार नहीं होने से अविद्या की भौति मन को आत्मा से जुड़ने में शिकार उत्पन्न करता रहता है, इसलिए ध्यान की क्रियाओं में उपासना दृष्टि की आवश्यकता होती है।

इन्होंने ब्रह्म के स्वरूप पर भी अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है–

आनन्दमेक ममृतमार्ज विज्ञानमक्षरम्।
असर्व सर्वभभर्य नमस्यामः प्रजापतिम्।।

अर्थात् ब्रह्म आनन्द एक अमृत जन्म रहित, विज्ञान और अक्षर है, जो सभी जगह व्याप्त होकर अभय है एवं अविद्या के योग में है, उस ब्रह्म को मेरा नमस्कार हैं। 'ब्रह्मसिद्धि' में मण्डन मिश्र ने वेदान्त दर्शन का अनुगमन कर ज्ञान मार्ग के अनुकूल सिद्धांत प्रतिपादित किया है।

महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि 'ब्रह्मसिद्धि' में मीमांसकों द्वारा दिया गया विध्यर्थवादी दृष्टिकोण का खण्डन ब्रह्मज्ञान के उपर्युक्त अवबोध द्वारा किया गया है। इन्होंने कहा है कि जिन विद्वानों ने (प्रभाकर मिश्र आदि)

वस्तुस्वरूप के प्रतिपादन में वेद का तात्पर्य नहीं मानकर विधि क्रिया के अर्थ में ही वेद का तात्पर्य माना है और अपने पक्ष में महर्षि जैमिनी की 'चोदनाअयर्थो लक्ष्णो धर्मः' इस सूत्र को उपस्थापित किया है और कहा है कि चोदना अर्थात विधि और अर्थवाद प्रमाणमूलक अर्थ ही वेदार्थ हैं, इसलिए विधि क्रियायुक्त वाक्यार्थ में ही वेद प्रमाण है, यह असंगत हैं। यद्यपि वेदांत से मूल तत्त्व ब्रह्म का प्रतिपादन होता है, परन्तु सिद्ध वस्तु के प्रतिपादक उस वेदांत वाक्य के समान विधि-क्रियायुक्त ब्रह्म प्रतिपादक वेदांत वाक्य है, उस वाक्य के निष्पादन में ब्रह्म स्वरूप प्रतिपादक वेदान्त वाक्य भी कार्यनिष्ठा का अतिक्रमण नहीं करता है। यदि विधि-क्रियायुक्त वाक्य के प्रतिपादन में ही वेद वाक्य का तात्पर्य है तब मंत्र के अर्थवाद वाक्य एवं उपनिषदों की कैसे प्रामाणिकता हो सकती हैं?

इन्होंने स्पष्ट कहा है कि विधि क्रियायुक्त प्रवर्त्तक वाक्य के अंगीभूत होने पर ही सिद्ध के प्रतिपादक उपनिषदिक वाक्य का प्रामाण्य है। इन्होंने ब्रह्मबोध के लिए जिस प्रत्यक्ष एवं परोक्ष ज्ञान का उल्लेख किया है, उसके आधार पर काह है कि केवल शब्द प्रमाण अर्थात् वेदव्यास से ही ब्रह्मबोधगम्य है। वस्तुतः वेदांत वाक्य से शब्द ज्ञान होता है। वह विधेय अर्थात विधि क्रियामूलक नहीं है। जैसे– कर्मबोधक वाक्य 'स्वर्ग कामोयजेत' अर्थात स्वर्गकाम के लिए यजन करें आदि वाक्यार्थ का ज्ञान उस वाक्य के प्रामाण्य से ही होता है। इनमें अन्य विधि की अपेक्षा नहीं होती है। उसी तरह, आत्मस्वरूप के प्रतिपादक वेदान्त वाक्य के प्रामाण्य से विधि क्रिया की उपेक्षा के बिना ही ब्रह्मज्ञान हो जाता है– 'ब्रह्मणो हि प्रमाणान्तरानाधिगमनीय रूपत्वाच्छब्दाधिगम्य स्वभाव विषय ज्ञान विद्येयम्। तत्र यच्छदादेव ज्ञान तद्विधेयम्, विधिमन्तरेण भावात् कर्मावबौधवत्। यथैव– 'स्वर्गकामोयजेत' इति श्रुतावाक्यस्य वाक्याथविबोधस्त द्वाक्य प्रामाण्या देव भवति, न विध्यन्तरमपेक्षते तथात्मस्वरूपाभिधायिवाक्य, प्रामाण्यादात्मावबोधोत विध्यन पेक्षः सजायते।'

मण्डन मिश्र ने ब्रह्मज्ञान के लिए किसी भी प्रकार की विधि क्रिया की आवश्यकता को ही नकार दिया है। इनके विचार से ज्ञान का फल दृष्ट है। ज्ञान ही ज्ञाता को ज्ञेय तत्त्व का प्रकाश कराता है। यज्ञ के समान ज्ञान का कालान्तर भावी फल नहीं हैं, जिसके लिए विधि क्रिया की आवश्यकता

होगी– 'ज्ञानस्य हि दृष्टिमेव फलम्– ज्ञात्राज्ञेयस्यामि व्याप्तिः, ज्ञातारम्प्रति तस्य प्रकाशतानव दृष्टे कालान्तर भावि यदर्थो विधिःस्यात्।'

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह वियार न्यायसंगत है क्योंकि शब्द ज्ञान से बुद्धि और तर्क की जागृति होती है, कार्य क्षमता में विकास के साथ ही कर्म संस्कार को भी समृद्धि होती है इसलिए इसका फल दृष्ट है। लाख विधि-क्रिया करने के बावजूद ज्ञान की स्मृद्धि नहीं होने से सर्वदा कार्यसिद्धि की आशंका बनी ही रहती है, इसलिए ज्ञान के द्वारा फल प्रत्यक्ष होता है। स्पष्ट है कि 'ब्रह्मसिद्धि' में इन्होंने मीमांसा धर्म दर्शन पर आधारित असुर कर्मकाण्ड का खण्डन कर वेदान्त को प्रमाण माना है।

मीमांसकों का मानना है कि वेदान्त वाक्य सर्वथा अप्रामाण्य हैं, क्योंकि किसी प्रमाण से सिद्ध वस्तु का प्रतिपादक ही कोई पद होता है। शब्द प्रमाण से अतिरिक्त किसी प्रमाणों से ब्रह्मसिद्धि नहीं है, इसलिए ब्रह्मबोधक जितने शब्द हैं उनसे ब्रह्म का ज्ञान सम्भव नहीं है। 'ब्रह्मसिद्धि' में मण्डन मिश्र ने मीमांसकों के इस मत को उद्धत करते हुए लिखा है कि– 'नचानाधिगतेषु प्रमाणन्तरेषु पदार्थत्वम्।

अन्य मीमांसको की तरह मण्डन मिश्र को भी मीमांसाक के रूप में प्रदाशित कर 'शङ्कर-दिग्विजय' नाटककार ने मण्डन मिश्र का जो परिचय दिया है, उसे प्रामाणिक कैसे माना जा सकता? अगर 'वेदान्ताः न प्रमाणम्' कहकर मण्डन मिश्र मीमांसाधर्म दर्शन के पक्षधर होते तो 'ब्रह्मसिद्धि' में शङ्कराचार्य की तरह वेदान्त को प्रमाण नही माननेवाले मीमांसकों के मतों का कैसे खण्डन कर रहे हैं? इन्होंने वेदान्त के पक्ष में कहा है कि वेदान्त वाक्यों के द्वारा लोक सिद्ध पदार्था के संसर्ग से संसार के अपूर्व कारण ब्रह्म का भी ज्ञान हो जाता है। इनका अभिमत है कि– 'अथवा न लोकोऽत्यन्तमप्रसिद्ध' ब्रह्म सर्वप्रत्ययवेद्यत्वात् ब्रह्मणो व्यतिरेकण प्रत्येतष्यस्याभावात् विशेष प्रत्ययाना च सामन्य रूपानुगमात, भेदोपसंहारावशिष्ट च सत्य ब्रह्म इति प्रतिपादनात्...।' अर्थात लोक में ब्रह्म अत्यन्त अप्रसिद्धि नहीं है, क्योंकि सभी ज्ञानों में वे ज्ञेय रहते हैं। ब्रह्म से अतिरिक्त ज्ञातव्य वस्तुओं मे भी सभी भेदों का निराकरण करके अवशिष्ट सत्य ब्रह्म से अतिरिक्त ज्ञातव्य वस्तुओं का अभाव है। विशेष ज्ञान में सामान्य ज्ञान अन्तर्निहित रहते हैं। उपनिषद में भी सभी भेदों का निराकरण करके

अवशिष्ट सत्य ब्रह्म का प्रतिपादन किया गया है।

इतना ही नहीं मण्डन मिश्र ने पुरुषार्थ के दृष्टिकोण से भी वेदानत पर विचार किया है, इसलिए कि मीमांसकों ने आरोप लगाया कि वेदान्त वाक्य भी पुरुषार्थ नहीं होने के कारण प्रायः उन्मत्त प्रलाप के समान अप्रमाण है– 'अपुरुषार्थत्वाच्योन्यत प्रलापवद प्रमाणम्; तथा च प्रयोग वेदान्ताः।' इस विषय पर मण्डन मिश्र का अभिमत है कि निश्चित रूप से प्रमाण का फल पुरुषार्थ नहीं है। प्रभा के कारण प्रमाण कहलाते हैं, इसलिए जीव को 'मैं शोकाकुल हूँ', 'दुखी हूँ', 'मेरे धनादि नष्ट हो गये'– इस तरह मिथ्या ज्ञान होते हैं। इस अज्ञानता के निवृत्तिस्वरूप विशुद्ध आनन्द एवं प्रकाशरूप ब्रह्मात्म तत्त्व का ज्ञान है। वह ज्ञान रूप से ही पुरुषार्थ है, क्योंकि ब्रह्म तत्त्व के ज्ञान मे अनिष्ट की निवृत्ति और इष्ट के आविर्भाव होते हैं। यद्यपि शब्द ब्रह्म ज्ञान के बाद भी अविद्या के संस्कार की अनुवृत्ति होती है, तो भी शब्द ब्रह्म ज्ञान का विस्तार होने पर ब्रह्म ज्ञानियों को पहले जैसा शोक एवं दुख आदि नहीं होते है। धीरे-धीरे संस्कार समूल नष्ट हो जाता है। ज्ञान की उत्पत्तिमात्र से कहीं-कहीं पुरुषार्थता देखी जाती है। किसी वस्तु के ज्ञान नहीं रहने पर व्याकुल हुए लोगों को उस वस्तु के ज्ञान से ही पुरुषार्थता की सिद्धि होती है, क्योंकि अज्ञात वस्तु के ज्ञान से अतिरिक्त अन्य वस्तुओं की अभिलाषा नहीं रहती हैं–

'न तावन्नियोगतः प्रमाणस्य पुरुषार्थ फलता।
न खलु हितोपादनाहित हाने एवं प्रमाण फले।
उपेक्षामपि हि प्रमाणफलं प्रमाणविद आचक्षते
न च पुरुषार्थभावेना प्राणाम्यम्। अपि च
'शोक्यहम' 'दुःख्यहम्' धनादीनि सम नष्टानि'
इति विशुद्ध ब्रह्मात्मनो जीवस्य मिथ्या ज्ञानम;

एतान्निवृत्तिरूपं च विशुद्धानन्द प्रकाश ब्रह्मात्म तत्त्वज्ञानम्। तते स्वरूपनैव पुरुषार्थः अनिष्ट निवृत्ति रूपत्वादिष्टा विर्मावाचु। यद्यपि च संस्कारात्तस्यानवृत्तिस्तथापि शब्दज्ञान मनु सनतन्वतो विदुषोण पूर्ववद भवति निवर्ततेचात्यन्ताय। दृष्टा च ज्ञानोत्पत्तेखे पुरुषार्थता क्वचित कुतूहलाकुलितानामज्ञाः तेऽर्थे। नहि तज्ज्ञानात् परमन्य दशर्यये।' 'इति विशद्ध ब्रह्मात्मनो जीवस्य मिथ्या ज्ञानम्' में इनकी स्वीकृति है कि जीव,

विशुद्ध ब्रह्मात्मनो जीवस्थ मिथ्या ज्ञानम्' में इनकी स्वीकृति है कि जीव, विशुद्ध ब्रह्मसमान है, को संसार का मिथ्या ज्ञान होता है जिससे भ्रम की उत्पत्ति होती है और जीव कलुपषित होता है परन्तु शुद्ध ज्ञान हो जाने से जीव मुक्त हो जाता है– मण्डन मिश्र का यह दृष्टिकोण शङ्कराचार्य के दृष्टिकोण से अलग नहीं हैं। जैसे रज्जू में सर्प का आभास होने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है और सत्यज्ञान के साथ भ्रम का निवारण हो जाता है, उसी तरह ब्रह्म में अध्यस्त संसार के मिथ्यापन का ज्ञान होने के साथ ही ब्रह्म अस्तित्त्व न सिर्फ शुद्ध-बुद्ध रूप में बल्कि प्रामाणिक रूप में भी दृष्टिगोचर होने लगता है। मिथ्या शब्द अविद्या के लिए ही आया है। स्वर्ग, ऐश्वर्य और भोग की इच्छा सम्पूर्ण दुखों का कारण है। विध्यर्थवादर इन्हीं भौतिक वस्तुओं की प्राप्ति के लिए ही यागानुष्ठान विधि निर्धारित किया है, जिससे पुरुष की आकांक्षाएँ तृप्त हों। मण्डन मिश्र इस सांसारिक है, जबकि मनुष्य की मृत्यु निश्चय होने के कारण ये सांसारिक कर्म ही मिथ्या प्रमाणित होता है। शङ्कराचार्य की तरह ये भी संसार या जगत को मिथ्या ही मानते हैं। शङ्कराचार्य की तरह ही जीव को ब्रह्म सदा पवित्र और नित्य प्रकाशवान रहता है– 'उक्तमेतज्जीवानामविद्याकलुषितत्त्वन्, न ब्रह्मणःतद्धि सदाविशुद्ध नित्य प्रकाशम्।'

सांसारिक मिथ्या ज्ञान ही अविद्या है। भोग, ऐश्वर्य की लोलुपता एवं सांसारिक भेद का कारण अविद्या ही है। जिस तरह घट या पट का अस्तित्त्व मिट्टी और सूत के कारण होता है एवं घट-पट भेद होते हुए भी मिट्टी एवं सूत में अभेद होता है, उसी तरह इस संसार का भेद मिथ्या ज्ञान के कारण ही होता है। वस्तुतः यह जगत एक ही कारण ब्रह्म से निष्पन्न हैं। इसका रूपांतरण भेद अविद्या के कारण है। अविद्या का अस्तित्त्व अनादि अवश्य है, लेकिन ब्रह्म से अलग नहीं है। कलाकार की कला जिस प्रकार उनकी कला-चेतना से पृथक नहीं है, उसी प्रकार ब्रह्म की शक्ति अविद्या ब्रह्म से अभेद है। जगत के स्वरूप का भेद अविद्या की कलात्मकता है, जो बह्म कारण से निर्दिष्ट होता है। इन्होंने ब्रह्मसिद्धि में जगत का अपूर्व कारण ब्रह्म को कहा है।

वाचस्पति मिश्र भामती टीका में ब्रह्मसूत्र शङ्कर मत के इस विषय की व्याख्या करते लिखा है– 'माया या अविद्या का आधार परमेश्वर हैं।

अविद्या परमेश्वर की शक्ति है, जिसके बिना परमेश्वर जगत के सन्टा नहीं हो सकते।' व्याख्या करते समय लिखते हैं कि– 'जीव का आधार अविद्या निमित्ततया, विषयतया यह माना है कि अविद्या परमेंश्वरधृत है और निमित्तव्या यह माना है कि जीवाधार अविद्या है। इससे स्पष्ट होता है कि वाचस्पति मिश्र ने शङ्कर मत की नवीन व्याख्या कर एक नया दिग्दर्शन किया हैं, जो न तो शङ्कराचार्य के विरूद्ध है और न ही मण्डन मिश्र के दृष्टिकोण के।

प्रो. थ्रसेर ने मण्डन के मत को स्पष्ट किया है कि 'ब्रह्मसिद्धि' में मण्डन ने अविद्या को जगत का भौतिक कारण मानने के साथ ही अविद्या को ब्रह्मसिद्धि' में सांख्या या मीमांसा के अनुसार जगत या सृष्टि के संदर्भ में व्याख्या-विश्लेषण नही करके वेदान्त दृष्टिकोण के अनुसार करते है, इसिलए शङ्कर से इनका मतभेद नहीं होता। जगत उत्पति के कारण सम्बन्ध में मण्डन मिश्र, शङ्कराचार्य एवं वाचस्पति मिश्र में मतैक्य है।

वेदान्त को अप्रमाण माननेवाले मीमांसको को वेदान्त प्रमाण के संदर्भ में जिस तथ्य का उल्लेख किया है, इससे भी यही स्पष्ट होता है कि कारण से अतिरिक्त कार्य की सत्ता नहीं हैं, क्योंकि कार्य का अस्तित्त्व कारण में ही विद्यमान होता है। मण्डज्ञन मिश्र का अभिमत है कि लोक में ब्रह्म अत्यन्त अप्रसिद्ध नहीं हैं, क्योंकि सभी ज्ञानों में वे ज्ञेय हैं। ब्रह्म से अतिरिक्त ज्ञातव्य वस्तुओं का अभाव हैं। विशेष ज्ञान मे सामान्य ज्ञान अन्तनिर्हित रहता है, उसी प्रकार उपनिषदों में सभी भेदों को निराकरण करके अवशिष्टि सत्य ब्रह्म का प्रतिपादन किया गया है। ब्रह्म को समझानें के लिए उपनिषदों के दृष्टान्त वाक्य में कहा गया है कि मिट्टी के घटादि विकार केवल वाणी से ही प्रतीत होते है। कारण रूप मृतिका ही सत्य है– 'अथवा न लोकेऽयन्तमप्रसिद्ध ब्रह्म सर्वप्रत्यवेद्यत्वात्, ब्रह्मणी व्यपिरेकरण प्रत्येतव्यस्याभावात् विशेष प्रत्ययानां च सामान्यरूपानुगमात्, भेदोपसंहाराव शिष्ट च सत्य ब्रह्म इति प्रतिपादनात् वाचास्भणं विकरो नामघेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्...।

अभिप्राय यह कि नामरूप जग का अस्तित्त्व एक मात्र ब्रह्म से हैं, जगत ब्रह्म का कार्यरूप हैं, इसलिए जगत का अस्तित्त्व ब्रह्म से स्वतंत्र हो ही नहीं सकता। ठीक उसी प्रकार जैसे घट का अस्तित्त्व भिट्टी स्वतंत्र नहीं

हैं। घट तो मिट्टी का ही कार्यरूप हैं, इसलिए अस्तित्त्व सत्ता घट का नहीं बल्कि मिट्ट का है। अस्तु, ब्रह्म की जगत का कारण प्रामाण्य हैं। इससे यही प्रमाणित होता है कि कार्यरूप जगत की सत्ता नहीं अपितु कारणरूप ब्रह्म की सत्ता है। चूँकि जगतवादी विचारक किसी ईश्वर की सत्ता को नहीं मानते एवं जगत की उत्पत्ति का कारण 'काम' को ही मानते है अर्थात शुद्ध भौतिकवाद या सकामवाद, मण्डन मिश्र इस द्वैतवादी तांत्रिका धारणा से ऊपर उठकर शुद्ध ब्रह्म की अद्वैत धारणा को ही प्रामाणिक मानकर सत्य की यात्रा करते हैं। यही मण्डन मिश्र की अन्तःयात्रा है। अर्थात् द्वैत से अद्वैत की दिशा में। ऐसी स्थिति में 'शङ्कर-दिग्विजय' के नाटककार कैसे इनके लिए 'स्वतः प्रमाण परतः प्रमाण' के साथ 'जगदधुव्रं स्थात् जगदधुव्र स्यात् की कहानियों को कल्पित किया? प्रत्यक्ष प्रमाणवाद ही स्वतः प्रमाणवाद है जिससे परतः ब्रह्म के सत्ता का बोध होता है अर्थात् जगत से ही परोक्षसत्ता ब्रह्म का अनुमान करते हैं, वस्तुतः इनकी सत्ता प्रमाणित नहीं है, इसलिए जगत ही सत्य और जगत ही असत्य दोनों हैं। ब्रह्म कोई प्रामाणिक पदार्थ नहीं है।

जहाँ तक ब्रह्म की सत्ता का प्रश्न है मण्डन मिश्र ने सप्रमाण इसे बतला दिया है। अतिसुन्दर व्यंग्यमूलक प्रमाण के द्वारा ये प्रत्यक्ष प्रमाणाद की आलोचना करते दीखते हैं। शंखपाणि की व्याख्या में इसे देखा जा सकता है– 'असम्भव दोषाशाङ्कस्याम्नायस्य सम्भवद्दोषेभ्यः प्रत्यक्षादिभ्यो वलीयस्त्वंयुक्तमित्यर्थः।'

अर्थात प्रत्यक्षादि प्रमाणों में दोष की सम्भावना हो सकती है, किन्तु वेद में दोष की सम्भावना नहीं है। यहाँ शंखापाणि की उक्ति यथार्थ जँचता है, क्योंकि प्रत्यक्ष दृष्टि को सम्भावना नहीं है। यहाँ शंखपाणि की उक्ति यथार्थ जँचता है, क्योंकि प्रत्यक्ष दृष्टि में चन्द्रमा कटोरे जैसा लगता है तथा प्रत्थर को निर्जीव माना जाता है, जबकि शास्त्र प्रमाण ऐसा नहीं कहता। शास्त्र प्रमाण के अनुसार चाँद पृथ्वी का उपग्रह हैं, जिसका रूप विस्तृत है, इसी तरह पत्थर निर्जीव ही नहीं बल्कि सजीव भी होता है।

मण्डन मिश्र ने इस तथ्य का उद्घाटन करते हुए प्रत्यक्ष प्रमाणवाद पर करार प्रहार किया है कि आवश्यक नहीं कि प्रत्यक्ष पदार्थ स्वतः प्रमाणित हो। यहाँ इन्होंने वेदान्त को ही पूर्णत्य मानकर कहा है कि जिस तरह विशषे

में समान्य का अस्तित्त्व छिपा होता है उसी तरह उपनिषद सभी भेदों का निराकरण करके अवशिष्ट सत्यब्रह्म का प्रतिपादन करता है अर्थात् उपनिष्द विशेष है जिसमें सामान्य का अस्तित्त्व स्वयं....है। अस्तु, एक तरह से प्रत्यक्ष प्रमाणवाद का मण्डन मिश्र खण्डन ही कर रहे होते है तथा इस आधार पर भौतिकवादी कर्मकाण्ड की वैधानिकता को अनावश्यक कह डालते हैं।

मण्डन मिश्र की अन्तःयात्रा जगतवद से लेकर ब्रह्मवाद तक का हैं। माधवाचार्यकृत 'शङ्कर-दिग्विजय' के दार्शनिक' के दार्शनिक मतभेद का 'ब्रह्मासिद्धि' पुस्तक मिल जाने से खण्डन हो जाता है एवं माधवाचार्यकृत नाटक, ऐतिहासिक शास्त्रार्थ का प्रमाण, सिद्ध नहीं हो पाता हैं।

मण्डन-सुरेश्वरयो भिन्नत्वम्

—डॉ. वैद्यनाथ झा

(मण्डन मिश्र आ सुरेश्वराचार्य दुनू दू विद्वान छलाह— से पूर्वहुँ कहल गेल अछि। विद्वत्-मण्डली मे ई विषय पर्याप्त वहस केर उद्रेक केलक अछि। एहू सँ ई तथ्य ऐतिहासिक प्रमाणित होइछ जे शङ्कराचार्य आ सुरेश्वरचार्यक शास्त्रार्थ भेल छल हैत शङ्कराचार्य आ मण्डनक नहि। वस्तुतः मण्डन-शङ्करक शास्त्रार्थक दन्तकथा रचले गेल छल; शङ्करक 'सिन्कदर-विजय' आ मिथिलाक सांस्कृतिक आ दार्शनिक अद्यःपतन देखबैत मण्डन-भारती केँ शिष्य-मुद्रा(वस्तुतः सांस्कृतिक दास मुद्रा) मे चित्रण हेतु। मुदा आइ जखन कि मिथिलाक ओहि समयक दार्शनिक-ऐश्वर्य, मण्डनक माध्यमे, प्रमाणित भऽ गेल अछिः मण्डन आ सुरेश्वरचार्यक व्यक्तित्वक फराक अस्तित्त्व प्रमाणित भेला सँ अदौकालीन दुष्टभावक दन्तकथाक परम्परा आब एत' समाप्त होइए आ तार्किक इतिहास स्थापना पबैत अछि। एक बेर फेर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुरक, पूर्व आचार्य (संस्कृत विभाग) डॉ. वैद्यनाथ झा अपन धन्य-लेखनी सँ ओहि तथ्यक पुनस्थापना क' रहल छथि— संस्कृत भाषा मे।—सम्पादक)

मिथिला-मही-मण्डनभूतस्य मण्डन मिश्रस्य निवासः मिथिलाया 'महिषी' ग्रामे समासीत्। अस्य प्राचीन संस्कृत नाम 'माहिष्मती' इत्यस्ति। अर्य च बिहार-राज्ये 'सहरसा' मण्डले 'धर्ममूला' (धेमुरा) नदी-समीपे विद्यते। मिश्र महादयस्य वासभूमि- समीपे एव भगवत्याः श्री उग्रतारायाः प्रसिद्ध' मन्दिरमस्ति। एको विद्यालयश्च तत्रैव आचार्य मिश्रानाम्ना प्रचलति, यः सर्वकारीकृतोऽस्ति। बिहार-सर्वकारेण मिश्रमहोदयस्य भूमिरियं प्रमाणीकृतास्ति। एको महाविद्यालयोऽपि किचिद् दक्षिणभागे प्रचलति। अति प्रसिद्धः आचार्य बलदेव उपाध्ययोऽपि स्वकीये 'भारतीय दर्शन' ग्रन्थे(पृष्ठ-311)*

.....

* 'मण्डन मिश्र मैथिली ब्राह्मण थे तथा माहिष्मती (वर्त्तमान 'महिषी' ग्राम, जिला-सहरसा, बिहार के निवासी थे।'

मिश्र महोदयस्य 'महिषी' ग्रामे निवास स्पष्टतया समुक्तिस्वति।

तअएव मिश्रपादस्वात्र ग्रामे निवासे न कोऽपि सन्देहो विधेलिमः। अत्रान्यदपि मतमस्ति—

* मण्डन मिश्रस्य निवासो नर्मदातटे मध्यप्रदेश आसीदिति एक मत्। मण्डन मिश्रस्य निवासः मण्डलाया महेश्वरे वाऽसीत् प्राचीन माहिष्मत्या इदमेवाधुनिक नामेति मतमपरम्। काश्मीरे 'विजुलबिन्दु' नामके स्थानेऽस्य निवास- इति तृतीयं मतम्

समेषामेषां मतानां निराकरण' 'मण्डन-मिश्र-श्रद्धा-कुसुमाञ्जलि' नामकस्य रचग्रन्थयस्य 'भारतीय दर्शन' ग्रन्थे, उपरि कथितं स्पष्टप्रतिपादनमेव समवलम्व्य स्वमतं स्थिरीकरणयम्।

मिश्र महोदस्य 'महिषी' ग्रामे, एकसमाद वृद्धविदुषः समुलब्धे तत्परिचया—हमके श्लोकेऽपि माहिष्मत्याः समस्ति समुल्लेखः—

'यस्याःपुरो राजति धर्ममूला, यत्रास्ति तारा भुनवस्य सारा।

प्रक्षालितौ तच्चरणो च यत्र, माहिष्मति मण्डन-मण्डिता सा।।

अति विवादास्पदीभूतत्त्वाद मण्डन-मिश्र-निवास ग्राम-चर्चे-वादाविहोपन्यस्ता। प्राचीनानां प्रायः समेषां विदुषामियमस्ति परिपाटी यदिमे रचग्रंथेष्वात्मपरिचय प्रदाने मौनमेवावलम्बन्ते; यतसते स्वपरिचय प्रदाने आत्मश्लाघां मन्यन्ते स्म। परिणाम तश्चैषां जनमस्वानादिविषये समुपलभ्यते महान् विवादोऽद्यत्वे। अतएव प्रातः स्मरणी-याना मिथिला-मही-मण्डाना मण्डन मिश्राणां सर्वथाऽसत्यस्य कथानकस्य प्रचलनमपि न खल्वाश्चयाजनकम्।

माधवाचार्यस्य 'शङ्कर दिग्विजय' ग्रन्थानुसारम्— 'प्रयागरजे तुषानले स्वदेह दाहयन् सवर्तन्त्र— रचतन्त्रों विद्वान् आचार्य कुमारिल भट्टः शङ्कराचार्येण स्वभाष्ये वार्तिकनिर्माणर्थ प्रार्थित— 'भाष्येऽपि मे रचय वार्तिकमङ्ग! भव्यम्।' इति शब्देन। (शङ्कर दिग्विजय-7/107)

किन्तु भट्ट महोदयः दृग्धप्रायाङ्गत्वेन*सर्वथाऽसमर्थ; सन् दिगन्तविख्यात कीर्ति 'माहिष्मती' ग्रामवासिन सकल शास्त्रनिष्णातमन्तर.. स्वशिषयं मण्डन मिश्र प्रति तत्कार्पसिद्धये तमाचार्य शङ्कर प्रैषयत्। तेनैव रचभाष्ये वार्तिक निर्मायणीव मित्यपि तपन्ववोधयत् * । ततः स्तदनुसार स शङ्करः 'माहिष्मती' (महिषी) ग्राममुपेत्य तत्र।*

.....

* डॉ. रामप्रकाश शर्मा ने भी अपने मिथिला का इतिहासँ ग्रन्थ में मण्डन मिश्र का जन्म स्थान 'महिषी' गाँव में बतलाया है।

* 'मण्डन मिश्र का जन्म स्थान बिहार राज्य के सहरसा जिले का प्राचीन माहिष्मती(वर्त्तमान 'महिषी') ग्राम था।' (पृष्ठ-518)

* 'घूमायमानेन तुषानलेन सनदत्यमानेऽपि वपुष्यशेषे...।' (शङ्कर दिग्विजय-7/78)

* 'तेनैव तावककृतिष्वपि वार्तिकानि कर्मन्दिवर्यतम! कारय, मा विलम्बम्
(शं दि.- 7/118)

परम् शङ्कराचार्यमते 'तत्त्वमसिँ, 'अहँ ब्रह्मास्मि' इत्यादि वेदान्तवाक्यादेव प्रत्यक्षो ब्रह्मबोधः संजायते, अनेनैब च वास्तविक ब्रह्मबोधेन अविद्याजनितो भ्रमोऽपाक्रियते ।

शङ्कर सिद्धान्तममु विशदयन् सुरेश्वरः, वृहदारण्यकभाष्यवार्तिकेनैष्कर्म्यसिद्धी च मण्डनमतं क्रमशः 'पण्डितम्मन्य' 'सम्प्रदायानुसारतः' 'स्वसप्रदायबलावष्टम्भात्'– इति शब्दैः खण्डयति। तथा च वृहदारण्यकभाष्यवार्तिके–

अन्ये तु पण्डितमन्याः सम्प्रदायानृसारतः।
विज्ञायेति वचः श्रौतमिदं व्याचक्षतेऽन्यथा।।

नहिष्कर्म्यसिद्धि–

'एवमुपसंहृते केचित् स्वसम्प्रदाय– बलावष्टभ्भादाहु...।'

इह हि ग्रन्थद्वये प्रतिपक्षिणं प्रत्येव प्रयोक्तुमुचितेन पण्डितमन्यादि शब्देन मण्डन मिश्रस्य खण्डन क्रियते सुरेश्वरेण-इति हेतोः नैतयोरेकत्वकथनं कबंचिद्प्यौचित्यमञ्चति।

('पण्डितम्मन्य' शब्दस्य प्रयोगो विरोधिनं प्रत्येव क्रियते तत्र भवद्विराचार्येरिति निश्चप्रचम्। अतएव सुविख्यात नहियायिकेन जयनतभट्टेनापि ध्वनिनिराकरणे–

'एतेन शब्दसामर्थ्यमहिम्ना सोऽपि वारितः।
यमन्यः पण्डितम्मन्यः प्रपेदे कंचन ध्वनिम्।।' (न्यायमञ्जरी, पृ. -45)

इति विरोधिनं ध्वनिवादिनं प्रति 'पण्डितम्मन्य' शब्दस्य प्रयोगः कृतः।)

अत्र 'अन्येतु पण्डितम्मन्याः' इति प्रतीकमुपादाय ख्याताचार्यः आनन्दगिरिः 'मण्डनस्य मतमुत्थाप्य वार्तिकेऽस्मिन् तन्मतं निरस्यति।' इति व्यक्तमाह। तदेवं मण्डन-सुरेश्वरयोः सिद्धान्तभेदःरिध्यति।

यद्यपि म.म. अनन्तकृष्णशास्त्रिमहोदयः एतस्य अन्यथा समर्थन प्रदर्शयति, तथापि तत्र स्फुटार्थप्रतिपादकस्य वचनस्य अन्यथ व्याख्यान तदाऽऽग्रहमेव सम्यक् सूचयति। एवमेव म.म. कुप्पुस्वामिशास्त्रि-प्राध्यापक हिरियण्णा महोदयादयः।

यदि मण्डन मिश्र एवं सन्यासावस्थायां सुरेश्वराचार्यनाम्ना प्रसिद्ध सन् गुरोराचार्यशङ्करस्याऽेशानुसार (सुरेश्वराचार्य नाम्ना) प्रणीमे ग्रन्थे पूर्वाश्रम(गृहस्थाश्रम) मत साक्षेपं खण्डितवानिति दुराग्रहवशात् स्वीक्रियते, तथापि एकः प्रश्नः सर्वथाऽ समाहित एवावशिष्यते यत्–

.....

* तथा च शङ्कराचार्यः–

'शब्दशक्तेरचिन्त्यत्वात् शब्दादेवापरोक्षधीः।
प्रसुप्तः पुरुषोयद्वद् शब्दे नैवावबुध्यते।।.।। (उपदेशसाहत्री)

* वृहदारण्यकभाष्यवार्तिकम्, पृष्ठ– 1852(आनन्दाश्रम संस्कृत सिरीज)

* नहिष्कर्म्यसिद्धिः, 1 अध्या(66 कारिकाव्याख्यानम्)

सर्वदर्शन-मर्मज्ञ-शिरोमणिः 'वाचस्पति' सदृशो वाचस्पति मिश्रः भामत्या शङ्कराचार्यमभोपपादन प्रसंगे भगवतः शङ्कराचार्यस्य ख्यातशिष्याणां सुरेश्वर-पद्मपादादीनां इति। यथा–

(छ) मण्डन मिश्रः स्व 'ब्रह्मसिद्धि' ग्रन्थे जीवमेव अविद्याया आधारमामनुते, न तु ब्रह्म। अयं हि तदीयो ग्रन्थ– 'यत्तु कस्याविद्येति, जीवानामिति ब्रूमः।... उक्तभेतद् जीवानामविद्याकलुषितत्त्वम्, न ब्रह्मणः, तद्धि सदा विशुद्धनित्यप्रकाशम्।'

अयमस्य सारभूतोऽर्थः– जीवः अविद्याया आश्रयभूततया कलुपितो भवति, ब्रह्म पर न जात्वविद्यया भवति कलुपितं, तद्धि सर्वथा निर्मेलं नित्यप्रकाश चास्तीति।

शङ्कराचार्यमते अविद्याया आश्रयः ब्रह्मैवास्ति, मायासंवलिताद् ब्रह्मण एवं निखिल जगदिदं जायते। अत्रार्ये–

यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि

जीवन्ति, यत् प्रयन्त्यभि संविशन्ति।

इति श्रुतिः 'जन्माद्यस्य यतः' इति वेदान्तसूत्र च प्रमाणम्।

इर्य हि अविद्या परमेश्वरस्य (मायोपाधिक ब्रह्मणः। एका विलक्षण शक्तिरस्ति, तयैव स खलु जगदिदं निर्माति–

अविद्यात्मिका हि बीजशक्तिकव्यक्तशब्दनिर्देश्या परमेश्वराश्रया...

न हि तथा विना परमेश्वरस्य त्रष्टृत्वं सिध्यति।

समर्च्चचरणा वाचस्पतिचरणाः किल शङ्करभाष्यस्यास्य नाक्षरानुकूलमर्थ' विदद्यते, अपितु मण्डनतानुसारमेव कुर्वन्ति व्याख्यानम्–'जीवाधिकरणाप्यविद्या निमित्ततया विषयतया चेश्वरमाश्रयत इतीश्वरराश्रयेत्युच्धते, न त्वाधारतया; विद्यास्वभावे ब्रह्मणि तदनुपपत्तेः।' (ब्रह्मसूत्रे 1/4/3 शङ्करभाष्यस्य भामती)

(अर्यहि सरार्थः– अविद्याया आधारो जीव एवास्ति, किन्तु जीवस्याविद्याया विषय ईश्वरोऽतीत्यविद्या विषयतासम्बन्धेन ईश्वरे तिष्ठति, अतएव शङ्कराचार्येण परमेश्वरः(मायोपाधिकं ब्रह्म) अविद्याया आधारः प्रतिपादित इति।)

अत्र तत्र भवन्तो वाचस्पति मिश्राः कीदृर्शन कौशलेन शङ्करमतस्य मण्डनामतानुसारेण व्याख्यां विदधनीति विभावनीर्य विज्ञैः।

यत एव वाचस्पति मिश्रः शङ्करभाष्यस्य मण्डनमतानुसारि व्याख्यान व्यधत्त, अतएव शङ्कराचार्यानुयायिनः वाचस्पतिमिश्रस्य कटुशब्दैरालोचना कृतवन्तः।

.....

* ब्रह्मसिद्धिः(ब्रह्मकाण्डः), पृष्ठ-10 'नाविद्या ब्रह्मणः स्वभावः, पृष्ठ-9।

* 1/4/3 ब्रह्मसूत्रस्य शङ्करभाष्यम्।

तेषामालोचनावाक्यनि वेदान्तकल्पतरू टीकयां सन्त्युद्धृतानि । आलोचनाना प्रत्यालोचनावाक्यान्यपि तत्रैव सन्ति।

.....

अमलानन्द सरस्वती महोदयेन 'वेदान्तकल्पतरू' समाख्यायां भामत्याष्टीकार्य तेषामालोचनावाक्यनि संगृहीतानि–

(क) ईक्षितुः परामेशस्य वाचस्पतिमुखोद्गतेः।
निजुह्वे परेशानमसवित्यति साहसम्।।

(भामती-वेदान्त कल्पतरू-कल्पतरू परिमल-सहित-सहित शांभा-

1/3/30,क, पृष्ठ-334)

(ख) जीवाद्जजे जगत्सर्व सकारणमिति ब्रुवचन।

क्षिपन् समन्वये जीवे, न लेजेवाक्य तिः कथम्?।।(वे. कल्पत 1/4/16, पृ,-482)

(ग) जीवभ्रान्त्या पर ब्रह्म जगद्बीजमतूबुषत्।

वाचस्पतिः परेशस्य लीलासूत्रमलूपुत्।

प्रायः एतानेव दुरालोचकानभिकक्ष्य स्वयमपि वाचस्पति मिश्र महोदयः—

'नाभ्यर्थ्या इह सन्तः स्वयं प्रवृत्ताः, न चेतरे शक्याः।

मत्सर-पित्त-निबन्धन मचिकित्स्यमरोचक येषाम्।।(भामती 4/1/1, पृ.- 928)

इति श्लोके मत्सरतारूपत्तिरोगेन अचिकित्स्यारूचियुक्तानां दुर्जनाना भामती- ग्रन्थे प्रवर्त्तनमशक्य भित्याह।

पश्चात् कल्पतरूटीकाकारः वाचस्पतेरालोचकानमेषां प्रत्यालोचनमपि चकार।

तत्प्रत्यात्योचनं च कल्पतरूटीकायां श्लोकात्मक मेवमुपलभ्यते—

(क) जीवस्थाया अविद्याया विषय ब्रह्म शुक्तिवत्।

ऊचे वाचस्पतिर्भाष्यश्रुत्योर्ह दयवेदिता।(वेदान्त कल्पतः 1/4/10, पृष्ठ-389)

(ख) स्वशक्त्या नटवद् ब्रह्म कारण शङ्करोऽब्रवीत्।

जीवभ्रान्ति निमित्त तद् वभाषे भामती-पतिः।।

अज्ञातं नटवद् ब्रह्म कारणं शङ्करोऽब्रवीत्।

जीवाज्ञातं जगद्बीजं जगो वाचस्पतिस्तथा।।(वे. कल्पत 2/4/19, पृ-471)

(ग) अज्ञत्वभ्रान्तता-दोषाद क्षत् परमेश्वरम्।

एतद्भाष्यार्थतत्त्वज्ञो वाचस्पतिरगाधधीः।। (वे. कल्पत, 12/22, पृ-258)

(घ) जगत्कर्तृत्वमन्यत्र ब्रह्मणो नेति दुष्यति।

वाचस्पतावुपालम्भमनालोच्यो चिरे परे।।(वे कल्पत 1/4/16, पृ-404)

एभिः प्रत्यालोचनावाक्यैः वाचस्पतेरगाधपण्डित्योद्घाटनेन शङ्कर-वाचस्पत्योः सामञ्जस्योपपादनेन च प्रसन्नः कल्परूकारः—

'मत्पपित्त निदानां विदुषामरूचि चिकित्सति प्रवलाम्।

स्वगुणगुणामृतवर्षो, भामती सम्बन्धो मत्सरतारूपपित्तदोषजन्य-प्रबलारूचि युक्ताना विदुषा।

कर्णेषु गता व्याख्येयममृतर्बणन चारू चिकित्सा करोति-इति स्ववाद्गार-प्रकटयति।

एतावता प्रतीयते यद् वाचस्पति मिश्र समये शङ्कराचार्यशिष्याणां सुरेश्वरपद्मपादादीनामाचार्यणां मतं नैवासीद् मिथिलाया प्रचलितम्, अपितु मण्डन मिश्र मतमेव सर्वत्र मिथिलायां समाद्रियते स्म। अतएव वाचस्पतिमिश्रः शङ्करभाष्यस्य उत्तरभारतंऽपि प्रसिद्धयर्थः (शङ्करभाष्यस्यी मण्डनानुसारि व्याख्याने सादर प्रावर्ततेति।

एतेन मण्डन मिश्रः संन्यासग्रहण नैवाकरोदित्यप्पवराम्यते। यदि च मण्डन मिश्र एवं संन्यासग्रहणानन्तरं सुरेश्वराचार्यनाम्ना स्वपूवश्रिम(गृहस्थाश्रम) मतखण्डन-मकरिष्मत्, तदा न जातु वाचस्पति मिश्रः पूर्वदशितं शङ्करभाष्यस्य मण्डनमिश्र-मत खण्डन संगतिमासादयेत्? खण्डितस्य हि खण्डन मृतस्य हननमिव सर्वथा भवति व्यर्थम्!

वस्तुतस्तु शङ्कर-मण्डनयोः शास्त्रार्थः, तत्र मण्डनस्य पराजयः, संन्यासग्रहणं सुरेश्वराचार्यनाम्ना प्रख्यतिश्चेति मुख्यतया माधवविरचित शङ्करदिग्विजय-ग्रन्थ बलेनैव लोकैरवगम्यते, यतोऽयं श्रद्धेयोऽ प्रामाणिकश्च; शिष्टाग्रमप्ययोरशिष्टतमशब्दप्रयोगात्, इतिहासविरोधाञ्च। तथाहि—

(ज)इतिहास विरोधः—

1. अत्र 'शङ्करदिग्विजय' ग्रन्थे शिष्टशिरोमण्योः शङ्करमण्डनयोरतितामामशिष्ट शब्दैः परस्परं प्रयोगे वर्णितोऽस्ति।

